




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है

मीडिया हाउस

में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।

(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)


वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 13 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 26 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



चुनाव का बायकॉट करेंगे माओवादी

### कांग्रेस-भाजपा पर लगाया आदिवासियों के शोषण का आरोप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य के माओवादियों ने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया है। जिसमें 'दक्षिण सब-जोनल ब्यूरो' के प्रवक्ता ने लोगों से भाजपा उम्मीदवारों को 'खदेड़ने' और कांग्रेस प्रत्याशियों का विरोध करने के लिए कहा है। माओवाद प्रभावित बस्तर में पहले चरण का मतदान सात नवंबर को है और दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को होना है।

माओवादी प्रवक्ता समता ने कांग्रेस और भाजपा दोनों पर 'कॉर्पोरेट घरानों को देने', 'सांप्रदायिक और धार्मिक नफरत को बढ़ावा देने' और छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और ओडिशा में आदिवासियों का शोषण करने का आरोप लगाया है। माओवादियों ने महंगाई और बेरोजगारी के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। सिलगेर में गांवों की हत्या की याद दिलाते हुए माओवादियों ने कहा, 'छत्तीसगढ़ में सत्ता में आने के बाद, कांग्रेस ने भाजपा की राह पर चलना शुरू कर दिया और 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' जैसी योजनाओं के आकर्षक नामों से लोगों को गुमराह किया।

## नाराज कैडर घर बैठा, प्रत्याशियों को कार्यकर्ताओं का टोंटा, भाड़े की भीड़ जुटाकर कर रहे प्रचार

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का प्रचार अभियान शबाब पर, भाजपा में खामोशी क्यों है भाई

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में जहां एक ओर कांग्रेस का चुनाव प्रचार अभियान जोरों पर है, वहीं दूसरी ओर भाजपा में खामोशी छाई हुई है। पार्टी का कैडर टिकट वितरण के बाद घर बैठ गया है, जिसके चलते प्रत्याशियों को प्रचार के लिए कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटाना मुश्किल हो रहा है। कई जगहों पर भाड़े की भीड़ जुटाकर माहौल बनाने की कोशिश हो रही है। प्रशासनिक तैयारियों के बीच भाजपा उम्मीदवारों के माथे पर चिंता की रेखाएं साफ देखी जा सकती है। दोनों ही दलों ने सभी 90 सीटों के लिए हाल ही में अपने प्रत्याशियों का ऐलान किया था। पहले चरण में राज्य में कुल 20 सीटों पर वोटिंग होनी है, जिसके लिए नामांकन दाखिले से लेकर नाम वापसी की तारीख अब खत्म हो चुकी है। प्रत्याशी घर-घर दस्तक दे रहे हैं। पहले चरण की वोटिंग के लिए बस्तर पर सबकी निगाहें टिकी हुई है। 2018 के चुनाव में यहां की सभी 12 सीटें कांग्रेस ने अपने नाम की थी।

जिन 5 राज्यों में चुनाव होने जा रहा है, उनमें छत्तीसगढ़ इकलौता राज्य है, जहां दो चरणों में वोटिंग होगी। पहले चरण में 7 नवम्बर को और दूसरे चरण में 17 नवम्बर को मतदान होना है। पहले चरण के लिए 13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी हुई थी। जबकि 20 अक्टूबर को नामांकन दाखिले का आखिरी दिन था। नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को हुई और 23 अक्टूबर तक नाम वापसी का दिन तय था। यह सारी प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद सिर्फ 7 नवम्बर को वोटिंग होना ही बाकी है। इसके लिए प्रत्याशियों ने घर-घर सम्पर्क अभियान शुरू कर दिया है। सत्तारूढ़ दल कांग्रेस में जहां चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है, वहीं भाजपा में कार्यकर्ताओं को घर से निकालना मुश्किल हो रहा है। प्रत्याशियों को कार्यकर्ताओं की मान-मनौव्वल करनी पड़ रही है। इसके बाद भी अनुशासित और कैडर बेस पार्टी को कार्यकर्ताओं का साथ नहीं मिल पा रहा है। भाजपा आलाकमान ने इस बार जिस अंदाज में टिकट वितरण किया था, उसे जमीनी कार्यकर्ता स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि पार्टी के नेताओं का मानना है कि स्टार प्रचारों के दौरों के साथ ही कार्यकर्ता रिचार्ज होंगे और चुनाव अभियान में भागीदारी कर पार्टी को जीत दिलाएंगे।

भाजपा के लिए सबसे बड़ी समस्या यह भी है कि कार्यकर्ताओं को भरोसेमंद चेहरे नजर नहीं आ रहे हैं। पिछले चुनाव तक डॉ. रमन भाजपा का चेहरा हुआ करते थे, लेकिन इस बार उन्हें भी हाशिए पर डाल दिया गया है। कार्यकर्ताओं का मन भी इसीलिए डोल रहा है, क्योंकि पार्टी ने कोई सीएम फेस सामने रखा नहीं है और स्थानीय प्रत्याशी के लिए वे काम करना नहीं चाह रहे हैं। पार्टी के बड़े नेता भी यह स्वीकार कर रहे हैं कि इस बार पूरे राज्य में भाजपा को चुनावी माहौल बनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। दूसरी ओर कांग्रेस में सब कुछ पहले से ही तय है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को पता है कि इस बार उन्हें सीएम भूपेश बघेल की अगुवाई में चुनाव लड़ना है। पूरे चुनाव अभियान की कमान भी खुद सीएम भूपेश ने संभाल रखी है। चुनावी सभाओं में अब तक वे 4 घोषणाएं या वायदें कर चुके हैं, उसके बाद कार्यकर्ता और ज्यादा उत्साहित हैं। उन्हें पूरा भरोसा है कि एक बार फिर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। एक ओर जहां भाजपा के पास बताने को कुछ नहीं है, वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ता अपनी सरकार की उपलब्धियों को मतदाताओं तक पहुंचा रहे हैं। भाजपा के लोग अपनी लकीर बढ़ाने की बजाए कांग्रेस की लकीर छोटी करने में लगे हैं।




### क्यों निरूत्साहित है कार्यकर्ता

भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने इस बार बड़ा दांव चलते हुए किसी भी चुनावी राज्य में सीएम प्रोजेक्ट नहीं किया है। इसके चलते कार्यकर्ताओं के समक्ष धर्मसंकट की स्थिति है कि वे किसे अपना नेता मानें। वहीं पार्टी आलाकमान ने इस बार कार्यकर्ताओं की पूछपरख के बिना ही सीधे दिल्ली से प्रत्याशी घोषित किए हैं। इससे कार्यकर्ताओं के भीतर यह बात घर कर गई है कि उनके ऊपर अयोग्य और अक्षम प्रत्याशियों को थोप दिया गया है। अनेक सीटों पर ऐसे चेहरों को टिकट मिली है, जिसे स्वयं उनके पड़ोसी भी नहीं जानते। भले ही पार्टी यह मानकर चल रही हो कि मोदी के चेहरे पर उसे वोट मिल जाएंगे, लेकिन पार्टी के लोग इससे इत्तेफाक नहीं रखते। दूसरी ओर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने आम आदमी से जुड़े इतने ज्यादा और जमीनी स्तर पर काम किए हैं कि भाजपाइयों को भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के अलावा और कोई मुद्दा नहीं मिल रहा है। राज्य में ईडी और आईटी की कार्रवाइयों को लेकर भी खासी प्रतिक्रिया है और जनमानस में यह बात जोरों पर है कि विरोधी दलों की सरकारों पर दबाव बनाने के लिए दिल्ली से पूरा खेल खेला जा रहा है। इन तमाम स्थितियों से जमीनी कार्यकर्ताओं को ही रूबरू होना पड़ रहा है। इसलिए भी भाजपा के कार्यकर्ता चार्ज नहीं हो पा रहे हैं।

### दूसरे चरण में यहां होंगे चुनाव

दूसरे चरण में राज्य की 70 सीटों पर मतदान होगा। इसमें भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुंड्रा, अंबिकापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया, धरमजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती में चुनाव होगा। इसके अलावा चंद्रपुर जैजैपुर, पामगढ़, सरायपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसीवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर शहर पश्चिम, रायपुर शहर उत्तर, रायपुर शहर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिंद्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी बालोद, डोंडीलोहारा, गुंडरदेही, पाटन, दुर्ग-ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा, नवागढ़ शामिल है।

### पहले दौर में यहां होना है चुनाव

छत्तीसगढ़ में पहले चरण में कुल 20 सीटों पर वोटिंग होनी है। इनमें पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, मोहला मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा की सीटें शामिल है। इनमें से कुछेक सीटों को छोड़ दें तो बाकी में ठीक-ठाक मुकाबले की संभावना जताई जा रही है। भले ही भाजपा ने इनमें से ज्यादातर सीटों पर काफी पहले ही प्रत्याशी घोषित कर दिए थे, बावजूद इसके चुनावी माहौल बनाने में उसके प्रत्याशी और नेता काफी हद तक असफल रहे हैं।

## गुस्से ने लुटी दुनिया: पत्नी को बेटे का लाइव मर्डर दिखा किया सुसाइड, दौड़ती पहुंची ससुराल

**बेतिया (एजेंसी)।** बेतिया में युवक का उसकी पत्नी से तलाक देने को लेकर झगड़ा चल रहा था। गुस्से में उसने अपनी पत्नी को वीडियो कॉल किया। पहले पांच वर्षीय बेटे को फंदे से लटका कर मार दिया और उसके बाद खुद आत्महत्या कर ली। घटना लौरिया थाना क्षेत्र के कंधवलिया गांव की है। बताया जा रहा है कि पत्नी से तलाक का विवाद चल रहा था। पारिवारिक कलह के युवक परेशान था। इधर, घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची पुलिस मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।



### पत्नी करीब डेढ़ माह से अपने मायके में रहती थी

मरने वाले की पहचान अजीमुल्लाह (33) तथा उसके पांच वर्षीय पुत्र अयान के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि अजीमुल्ला गांव के चौक पर किराना दुकान चलाता था। उसे दो बेटी और एक बेटा है। पति-पत्नी के बीच विवाद में उसकी पत्नी करीब डेढ़ माह से अपने मायके में रह रही है। विवाद को लेकर दोनो के बीच तलाक देने का बात सामने आया था। इस वजह तीनों बच्चों को पालने और अपना व्यवसाय करने में भी अजीमुल्ला परेशान रहता था। इससे तंग आकर उसने बुधवार की शाम मकान के ऊपरी मंजिल पर एक कमरे में पहले अपने बेटे को फंदे से लटकाया। फिर खुद फंदे से लटक कर जान दे दी।

### पत्नी को किया था वीडियो कॉल


इसके पहले वीडियो कॉल कर उसने अपनी पत्नी को यह बता दिया था कि बेटे को फंदे से लटकाने जा रहा हूं। इसके बाद मै भी फंदे से लटक कर जान दे दूंगा। इस तरह कुछ ही पल में दोनों की जान चली गई। इधर घटना की सूचना पर मृत अजीमुल्ला की पत्नी हरीरा अपने भाई तौसीफ के साथ दौडी भागी ससुराल पहुंची। फिर पति और बेटे का शव फंदे से उतरा गया। इसी बीच घटना की सूचना किसी ग्रामीण ने पुलिस को दी।

## नीदरलैंड पर रिकॉर्ड जीत से ऑस्ट्रेलिया के नेट रनरेट में बंपर उछाल, पाकिस्तान पर दबाव बढ़ा

**स्पोर्ट्स डेस्क/नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप में बुधवार (25 अक्तूबर) को नीदरलैंड के खिलाफ पूरी ताकत लगाकर 309 रन की बड़ी जीत दर्ज की। यह रनों के अंतर से वनडे क्रिकेट में दूसरी सबसे बड़ी और विश्व कप की सबसे बड़ी जीत है। ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वार्नर और ग्लेन मैक्सवेल ने शतकीय पारी खेली। वहीं, एडम जम्पा ने चार विकेट लेकर नीदरलैंड की पारी को तहस-नहस कर दिया। इस बड़ी जीत के बाद कंगारू टीम के नेट रनरेट में बंपर उछाल देखने को मिला।

ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप की अंक तालिका में शीर्ष चार में अपनी जगह मजबूत कर ली है। पैट कमिंस की अगुवाई वाली कंगारू टीम पांच मैचों में छह अंक के साथ चौथे स्थान पर है। उसका नेट रनरेट +1.142 हो गया है। यह पहले निगेटिव में था। 309 रन की बड़ी जीत ने ऑस्ट्रेलिया के नेट रनरेट में पॉजिटिव में ला दिया। अंक तालिका में पहले स्थान पर भारतीय टीम है। उसके पांच मैच में 10 अंक है। भारत का नेट रनरेट +1.353 है। दूसरी ओर, इस हार के बाद नीदरलैंड की टीम सबसे नीचे 10वें स्थान पर फिसल गई।

दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के पांच मैचों में आठ-आठ अंक हैं। हालांकि, नेट रनरेट के मामले में अफ्रीकी टीम कीवियों से काफी आगे है। दक्षिण अफ्रीका का नेट रनरेट +2.370 और न्यूजीलैंड का +1.481 है। ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद पांचवें स्थान पर मौजूद पाकिस्तान पर काफी दबाव बढ़ गया है। उसके पांच मैच में चार अंक ही है। वहीं, नेट रनरेट भी काफी नीचे -0.400 है। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अपने बाकी मैचों में जीत हासिल करनी होगी और साथ ही नेट रनरेट में सुधार करना पड़ेगा।



वनडे विश्व कप 2023 अंक तालिका

| टीमें | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 5 | 5 | 0 | 10 | +1.353 |
| दक्षिण अफ्रीका | 5 | 4 | 1 | 8 | +2.370 |
| न्यूजीलैंड | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.481 |
| ऑस्ट्रेलिया | 5 | 3 | 2 | 6 | +1.142 |
| पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.400 |
| अफगानिस्तान | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.969 |
| श्रीलंका | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.048 |
| इंग्लैंड | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.248 |
| बांग्लादेश | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.253 |
| नीदरलैंड्स | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.902 |

### अब तक एक भी मैच नहीं हारा भारत

भारतीय टीम विजयरथ पर सवार है। उसने अभी तक अपने पांचों मैच जीते हैं और इस विश्व कप में अब तक अपने सभी मैच जीतने वाली एकमात्र टीम है। भारत फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष चार में शामिल इकलौती एशियाई टीम है। टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत का अगला मुकाबला गत विजेता इंग्लैंड के साथ 29 अक्तूबर को है। इसके बाद टीम दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड और श्रीलंका से मैच खेलेगी।

### ऑस्ट्रेलिया-नीदरलैंड मैच में क्या हुआ?

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने नीदरलैंड को विश्व कप में बुरी तरह हराया। उसने 309 रन से बड़ी जीत हासिल की। यह विश्व कप इतिहास की सबसे बड़ी और ओवरऑल वनडे इतिहास की दूसरी बड़ी जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप में रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। उसने 2015 में अफगानिस्तान के खिलाफ पर्थ में 275 रन से जीत हासिल की थी। वहीं, ओवरऑल वनडे में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड भारत के नाम है। उसने 2023 में श्रीलंका के खिलाफ तिरुवनंतपुरम में 317 रन से जीत हासिल की थी। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 399 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 21 ओवर में 90 रन पर सिमट गई।

## पेपर लीक मामले में ईडी एक्शन में पीसीसी चीफ के परिवार पर कार्रवाई

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस को जोरदार झटका लगा है। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार सुबह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के परिवार पर पेपर लीक मामले में कार्रवाई की है। पेपर लीक प्रकरण में ईडी की टीम डोटासरा के सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास पर पहुंच गई। एक टीम उनके निजी आवास सीकर के लिए भी रवाना हुई है। हाल ही में कांग्रेस की सदस्यता ले चुके निर्दलीय विधायक ओम प्रकाश हुडला पर भी ईडी का एक्शन हुआ है। हुडला को कांग्रेस ने महुआ से इस चुनाव में अपना प्रत्याशी बनाया है। कुल मिलाकर सात ठिकानों पर कार्रवाई की गई है।

पिछले महीने भी ईडी ने पेपर लीक प्रकरण में कलाम कोचिंग सेंटर के संचालकों के ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की थी। यहां ईडी को पेपर लीक प्रकरण से जुड़े कुछ अहम दस्तावेज मिले हैं। डोटासरा का बेटा कलाम कोचिंग सेंटर के संचालक मंडल में हैं। इस वजह से डोटासरा के घर पर यह कार्रवाई हुई है। इस कार्रवाई के बाद कुछ गिरफ्तारियां भी हो सकती है। पेपर लीक मामला राजस्थान के विधानसभा चुनावों में एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। डोटासरा के जयपुर में तीन, सीकर में 2 जगह ईडी का छापा पड़ा है। इसी तरह हुडला के सहयोगी राजेंद्र गुप्ता, सुभाष बालाहेड़ी, CA राजेंद्र गुप्ता और बिजनेस सहयोगी निधि शर्मा के घर भी ईडी की टीमें पहुंचीं।



### मोदी ने दी थी गारंटी

राजस्थान में कांग्रेस की गारंटियों पर पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा में बोले थे कि मैं एक बात की गारंटी देना चाहता हूं कि पेपर लीक प्रकरण में राजस्थान के साथ जो धोखा हुआ है भाजपा उसकी तह तक जाएगी। बुधवार को झुंझुनू में कांग्रेस ने दो बड़ी गारंटी लांच कर राजीनीतिक माहौल अपने पक्ष में करने की कोशिश की। इसके बाद गुरुवार को सुबह-सुबह ईडी की कार्रवाई से उसके लिए दो नए फ्रंट खुल गए।

## आखिर कब तक ठगे जाते पंडा-पुरोहित

श्रीकंचनपथ




राजनीति में धर्म और आस्था के घालमेल का घड़ा अब भर चुका है। ऐसा नहीं है कि यह घालमेल गलत है पर जिस तरह से लोगों की धार्मिक भावनाओं का फायदा चतुर नेता उठा रहे थे, वह ठीक नहीं था। धर्म की आड़ में नेता अपनी हर ऐब को छिपा जाते थे। अकसर उनके हरकतें और बातें असंवैधानिक होने की हद को छूने लगती थी। पर सत्ता में बैठे आदमी के सात खून माफहो जाते थे। चुनाव मंदिर-मस्जिद-चर्च के नाम पर लड़े जाते। नेता जीतकर फार्चूनर में जा बैठता पर पुजारी-पुरोहित, पास्टर-पादरी, मौलवी की हालत जस की तस रह जाती। मंदिर-मस्जिद-चर्च के सेवादार काफी समय से मन मसोसकर इस खेल को देख रहे थे। पर अब लगता है इसका पटाक्षेप होने वाला है। उज्जैन से एक संत ने बगावत का बिगुल फूंक दिया है। वैसे भी यदि वोट भगवान के नाम पर ही मांगा जाना है तो इसका पहला हक साधु-संतों, पंडे-पुजारियों का होना चाहिए। उज्जैन के क्रांतिकारी संत परमहंस अवधेशपुरी महाराज ने ठीक ऐसा ही किया है। वे भाजपा से टिकट मांग रहे थे। टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। वे 28 अक्टूबर को अपना नामांकन दाखिल करने जा रहे हैं। संत ने कहा है कि वे तथा उनके जैसे सैकड़ों संत आरंभ से ही भाजपा का समर्थन करते आ रहे हैं। पर भाजपा ने उनकी समस्याओं की तरफध्यान नहीं दिया। इसलिए महाकाल की नगरी के संतों ने मिलकर फैसला किया है वे स्वयं चुनाव लड़ेंगे। इसकी शुरुआत उज्जैन दक्षिण की सीट से होगी। आने वाले चुनावों में और भी संत ऐसा कर सकते हैं। अवधेशपुरी महाराज ने कहा है कि इस धार्मिक पार्टी ने मध्यप्रदेश के राजवाड़ा से रामायण में आग लगाने वाले और रावण का मंदिर बनवाने वालों को तो टिकट दिया है किन्तु रामायण पर पीएचडी व हिन्दू मठ मंदिरों के लिए लड़ने वाले संत को नहीं। जब उन्होंने यह बातें कहीं तो यह देशभर के लिए खबर बन गई। 16 सितंबर 2023 को स्वास्तिक पीठ के पीठाधीश्वर एवं उज्जैन के क्रांतिकारी संत डॉ। अवधेशपुरी महाराज ने संघ प्रमुख मोहन भागवत एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि जब धर्म राजनीति के केन्द्र में आ गया हो तो ऐसे समय में संतों को राजनीति की मूलधारा से जोड़ना चाहिए। साथ ही सवाल उठाए थे कि भाजपा के 20 वर्षों के शासनकाल में सिंहस्थ क्षेत्र में अतिक्रमण क्यों हुआ? उज्जैन पवित्र नगरी घोषित क्यों नहीं हुई? क्षिप्रा मैली क्यों है? महाकाल मन्दिर में भक्तों से दर्शन शुल्क क्यों? वीआईपी का सम्मान व सन्तों का अपमान क्यों? सिंहस्थ व धर्मनगरी के नेतृत्व में सन्तों की उपेक्षा क्यों? सप्त सागर एवं 84 महादेव की उपेक्षा क्यों? धार्मिक सरकार द्वारा संतों के लिए एक भी योजना क्यों नहीं? ऐसे दर्जनों सवालों पर सरकार चुप रही। इसलिए अब संतों स्वयं खुलकर सामने आ गए हैं।




## संपादकीय

### इंडिया की जगह भारत

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, यानी एनसीईआरटी में 'इंडिया' को 'भारत' करने की अनुशंसा यदि एक गहन विमर्श की परिणति है, तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए। एनसीईआरटी की एक समिति ने इस बाबत सर्वसम्मति से सिफारिश की है। इस विषय पर पिछले दिनों खूब बहस हुई थी और इस संदर्भ में संविधान का भी हवाला दिया गया था, पर तब इस बहस का आधार राजनीतिक कहीं अधिक था। दरअसल, एनडीए सरकार के खिलाफ गठित विपक्षी मोर्चे का संक्षिप्त नाम 'इंडिया' रखे जाने के बाद से ही इस शब्द को लेकर सियासत होने लगी थी। फिर जी-20 शिखर सम्मेलन में आए मेहमान शासनाध्यक्षों के सम्मान में राष्ट्रपति ने एक रात्रिभोज का आयोजन किया था, जिसके निमंत्रण पत्र पर 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' अंकित हुआ। यहीं से देश के नाम की पुरानी बहस ने विवाद का रूप ले लिया और फिर शांत नहीं हुआ। ऐसे में, एनसीईआरटी की नई सिफारिश से यह मुद्दा एक बार फिर अवश्य गरमाएगा, क्योंकि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव इसके मुफीद माहौल मुहैया करा रहे हैं। यह सही है कि आजादी-पूर्व से भारत के लिए अनेक नाम प्रयुक्त होते रहे हैं, उसके बाद भारत, इंडिया और हिन्दुस्तान का ही सर्वाधिक इस्तेमाल होता रहा। फर्ज कीजिए, किसी वैश्विक मंच पर तीन भारतीय इन तीनों के प्रतिनिधि के रूप में खड़े हों, तब हम दुनिया को क्या पैगाम देंगे? हम यह नहीं कहते कि भारत के सिवा अन्य नामों के पैरोकारों में मातृभूमि के प्रति जरा-सी भी कम निष्ठा है, मगर कुछ निष्ठाएं एकरूपता मांगती हैं। मसलन, राष्ट्र-ध्वज, संविधान, राष्ट्र का नाम एक ही होना चाहिए। हमारे नीति-नियंताओं को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि 'भारत' नाम पर देश के सभी खित्तों और वर्गों में सर्वानुमति बनाई जाए। हमारे पास इस बात के बहुतेरे उदाहरण मौजूद हैं, जिनमें देशों ने अपने नाम बदले और वहां के बाशिंदों ने इसे सहर्ष अंगीकार किया। यहां तक कि भारत के भीतर हमने कई राज्यों, शहरों के नाम बदले और वे लोकप्रिय हुए। उनके निवासियों को उन पर फख्र है! इसलिए वक्त आ गया है कि इस मामले में सर्वानुमति से अंतिम फैसला लिया जाए। 'भारत' शब्द की ऐतिहासिकता किसी से छिपी नहीं है, तो फिर राजनीतिक एकता क्यों नहीं कायम हो सकती? हम जिस प्रचार-युग में जी रहे हैं, उसमें श्रेय लेने का लोभ अब जरूरी संवादों पर हावी हो चला है, जबकि यह लोकतंत्र की मूल आत्मा के विपरीत है। इसके कारण आसानी से सुलझाए जाने वाले मसले भी गतिरोध के शिकार होने लगे हैं। सिर्फ 'भारत' नाम की सर्वस्वीकार्यता पर भी विवाद न होता, यदि हमारे पूरे राजनीतिक वर्ग ने अपने सीने पर तमगा सजाने का मोह न पाला होता और रचनात्मक संवाद के जरिये इसे सुलझाया होता! हम अपने संविधान में वक्त और जरूरत के हिसाब से सौ से ज्यादा संशोधन कर चुके हैं, तो देश के नाम को लेकर एक संशोधन क्यों नहीं कर सकते? एनसीईआरटी के विशेषज्ञों ने जो अनुशंसा की है, वह स्वीकृत हुई, तो सिर्फ उसकी किताबों में इंडिया की जगह भारत छपेगा, क्योंकि शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है और नई शिक्षा नीति को लेकर जैसी सियासत हम देख रहे हैं, उसमें देश के नाम पर सभी स्कूली किताबों में एकरूपता मुश्किल ही लगती है। ऐसे में, जरूरी है कि केंद्र सरकार सभी राज्य सरकारों और पार्टियों को भरोसे में लेकर इस दिशा में कदम उठाए।

" हम यह नहीं कहते कि भारत के सिवा अन्य नामों के पैरोकारों में मातृभूमि के प्रति जरा-सी भी कम निष्ठा है, मगर कुछ निष्ठाएं एकरूपता मांगती हैं। मसलन, राष्ट्र-ध्वज, संविधान, राष्ट्र का नाम एक ही होना चाहिए। हमारे नीति-नियंताओं को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि 'भारत' नाम पर देश के सभी खित्तों और वर्गों में सर्वानुमति बनाई जाए। हमारे पास इस बात के बहुतेरे उदाहरण मौजूद हैं, जिनमें देशों ने अपने नाम बदले और वहां के बाशिंदों ने इसे सहर्ष अंगीकार किया।

## यही पाकिस्तानी लोकतंत्र है

नवाज शरीफ को जब भ्रष्टाचार के मामलों में सजा सुना कर देश निकाला दिया गया था, तब पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री ने अपने राजनीतिक करियर अंत के लिए पाकिस्तानी सेना के उच्च अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया था। उनका बयान इस बात की पुष्टि था कि पाकिस्तान में सेना नेतृत्व ही प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर देश की कमान संभालते रहता है। तब सेना ने एक बार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेता इमरान खान को मौका देने का मन बनाया था। लेकिन अपने स्वभाव के मुताबिक इमरान सचमुच देश का नेतृत्व करने की महत्त्वाकांक्षा पाल बैठे। उन्होंने कुछ ऐसे फैसले लिए, जिनसे अमेरिका से निकट संबंध में स्वार्थ रखने वाले सैन्य अधिकारियों के हितों को चोट पहुंची। तो सैन्य अधिकारियों ने उन्हें हटाने का फैसला किया। खबरों के मुताबिक इमरान खान को भी देश से बाहर चले जाने का विकल्प दिया गया था, लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया। नतीजा यह है कि वे जेल में दिन काट रहे हैं।

इस बीच सैनाध्यक्ष बदले, जिससे परिस्थितियां नवाज शरीफ के और अनुकूल हुईं। तो उन्हें सजा से राहत दिलवाने और देश लाने की कवायद पूरी हो गई है। मुमकिन है कि अगले आम चुनाव के बाद उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बना दिया जाए। इमरान खान की पार्टी ने सार्वजनिक आरोप लगाया है कि नवाज शरीफ की सेना के साथ डील हो गई है। इसके तहत जनवरी में होने वाले चुनावों से सत्ता में उनकी वापसी की योजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है। नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) कह चुकी है कि पूर्व प्रधानमंत्री चुनाव लड़ने का इरादा रखते हैं। इस बात की संभावना इतनी मजबूत है कि पाकिस्तान के टीकाकारों ने कटाक्ष किया है कि अगर यह सब तय ही है, फिर चुनाव पर खर्च करने की जरूरत ही क्या है! पाकिस्तान की न्यायपालिका का हाल यह है कि नवाज शरीफ की देश वापसी को निर्बाध बनाने के लिए वहां की एक अदालत ने विशेष कार्यवाही के जरिए उन्हें जमानत दी है। मतलब वही कि पाकिस्तान में फैसले सेना लेती है और उसके बाद सारा तंत्र उसे अमली जामा पहनाने में जुट जाता है।

## अनाजः आंकड़े और अंतर्विरोध

अनाज पैदावार के वास्तविक आंकड़ों के आने के बाद ही सरकार के ताजा अनुमानों की पुष्टि हो सकेगी। इस बीच यह आवश्यकता जरूर है कि सरकार आंकड़े जुटाने और अनुमान लगाने के अपने सिस्टम को बेहतर बनाए, ताकि पिछले वर्ष जैसी स्थिति आगे ना हो।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अपने ताजा आंकड़ों के जरिए अंदाजा लगाया है कि 2022-23 में अनाज की रिकॉर्ड पैदावार हुई। इस अनुमान के मुताबिक अनाज की कुल पैदावार 32 करोड़ 90 लाख टन हुआ है। यह 2021-22 की तुलना में 4.5 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि बढ़ोतरी चावल और गेहूं की पैदावार में भी हुई, लेकिन सबसे ज्यादा वृद्धि मोटे अनाजों के मामले में दर्ज हुई। यह वृद्धि 12 प्रतिशत तक रहने की बात कही गई है। हालांकि दलहन की पैदावार पिछले वर्ष की तुलना में 4.4 प्रतिशत गिरी, लेकिन पांच वर्ष के औसत से तुलना करें, तो उसमें भी छह फीसदी की बढ़ोतरी नजर आती है। इन आंकड़ों ने कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों को चौंकाया है। यह सवाल सहज ही उठा है कि कृषि पैदावार इतनी दुरुस्त है, तो देश में खाद्य मुद्रास्फीति इतनी ऊंची क्यों बनी हुई है? और सरकार को कुछ फसलों के निर्यात पर रोक क्यों लगानी पड़ी? फिर ओर भी ध्यान जाता है कि पिछले साल सरकार ने गेहूं की पैदावार के बारे में गलत अंदाजा लगाया था, जिस कारण पहले लगाए गए अनुमान की तुलना में वास्तविक पैदावार कम रही थी।

> " शांति मनुष्य की स्वाभाविक जरूरत है। यह तमाम सभ्य समाजों की बुनियाद में है। यही कारण है कि प्रतिक्रिया के शिकार फिलिस्तीनियों की पीड़ा भी हमें कचोट रही है।

# दुनिया को नफरत पसंद नहीं है

मनु जोसेफ

यदि घातक हथियारों से लैस 2,000 आतंकियों को उस देश के भीतर जाने की खुली छूट मिल जाए, जिससे वे नफरत करते हैं, तो आपके मुताबिक वे कितने लोगों को मारेंगे? बीते 7 अक्तूबर को करीब 2,000 हमास आतंकी इजरायल में दाखिल हुए और उन्होंने लगभग 1,400 लोगों की जान ली। इससे यह भी संभव जान पड़ता है कि उस दिन कुछ या कई हमास आतंकियों ने किसी को नहीं मारा होगा। तब उन्होंने किया क्या होगा? क्या वे सिर्फ घूम रहे होंगे?

इस हमले में आतंकियों ने 3,000 से अधिक लोगों को घायल किया और 200 से ज्यादा नागरिकों को वे बंधक बना ले गए। अब इस तथ्य पर विचार करें कि उस दिन हजारों इजरायली नागरिक हमास आतंकियों के रहमोकरम पर थे, फिर भी दहशतगर्दों की जितनी संख्या थी, मारे गए लोगों की संख्या उससे कम रही। इसका क्या मतलब है? अगर आप इजरायल के इस दावे को खारिज कर दें कि 2,000 आतंकी उसके क्षेत्र में घुस आए थे, फिर भी इस पर शायद ही किसी को ऐतराज होगा कि कम से कम 1,000 हमास आतंकी तो जरूर दाखिल हुए होंगे। यानी, हजार आतंकियों के मशीन गन, रॉकेट लांचर और ग्रेनेड लेकर किसी रिहायशी क्षेत्र में दाखिल होने के बाद भी हमारी कल्पना के विपरीत नरसंहार हुआ। आखिर क्यों? हम कह सकते हैं कि गाजा-इजरायल सीमा से लगे इलाकों में बहुत घनी आबादी नहीं है, मगर जिस सुपरनोवा संगीत समारोह पर शुरुआती हमला किया गया था, वहां तो 3,000 से अधिक लोग मौजूद थे, और वहां लगभग 250 लोग मारे गए। हो सकता है कि यहां के लोगों को संभवत संकट का एहसास हो गया होगा, और वे भागने में कामयाब हो गए होंगे या छिप गए होंगे, पर क्या यह भी मुमकिन है कि परदे के पीछे कुछ और खेल चल रहा हो?

अगर कुछ आतंकी उतने बर्बर न हों, जितना हमने उनके बारे में सोच रखा है, तब क्या होगा? यह सोच अस्वाभाविक नहीं है। अफगानिस्तान में तो कुछ आत्मघाती हमलावारों ने भीड़ से हटकर शांत इलाकों में बम-विस्फोट किए थे। रटगर ब्रेगमैन ने अपनी किताब ह्यूमनकाइंड ए होपफुल हिस्ट्री में लिखा है, अमेरिकी गृह युद्ध के दौरान सन् 1863 की गेटीसबर्ग की लड़ाई में ज्यादातर सैनिकों ने गोली चलाने से इनकार कर दिया था। उन्होंने अपने आकाओं को खुश करने के लिए गोली चलाने और राइफल फिर से लोड करने का महज नाटक किया था।

ताजा इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष इजरायल के लिए बर्बर साबित हुआ है, जबकि फिलिस्तीनी इसकी क्रूरता से परिचित रहे हैं। पहली नजर में, इन सबसे मानवता को लेकर हमारी उम्मीदें धूमिल होती हैं और मानव जीवन को लेकर हमारी इस परिकल्पना को चोट लगती है



कि कहीं न कहीं (वह 'कहीं' कहां है, यह हमें नहीं पता) हम सबके अंतस में क्रूरता के प्रति घृणा होती है। मगर हमें इजरायल को यह समझाने की दुनिया की व्यग्र कोशिशों पर बारीकी से गौर करने की जरूरत है कि 'प्रतिशोध दुख का आलसी स्वरूप है', जैसा फिल्म द इंटरप्रेटर में एक पात्र कहता है, और इससे इजरायल भी वाकिफ है।

ज्यादातर लोग मानव जीवन को सबसे मूल्यवान मानते हैं। यहां तक कि जिनसे वे नफरत करते हैं, उन्हें लेकर भी उनकी यही धारणा होती है। मैं यह नहीं कहता कि इससे हम सुरक्षित हो जाते हैं। सच तो यह है कि यह हमें असुरक्षित ही बनाता है, क्योंकि ऐसी दुनिया में, जहां ज्यादातर लोग किसी की हत्या नहीं कर सकते, चंद विक्षिप्त लोग इस काम में अधिक माहिर हो सकते हैं। मगर मैं यह कहना चाहता हूं कि उम्मीद की कुछ किरणें बाकी हैं, क्योंकि शांति मनुष्य की स्वाभाविक जरूरत है। यह तमाम आधुनिक मानव समाज की बुनियाद में है। यह भी एक कारण है कि इजरायलियों की तुलना में फिलिस्तीनियों का दर्द हमें भारी जान पड़ता है। भले ही, एक हजार से अधिक यहूदियों का नरसंहार किया गया था, कुछ को तो बेहद क्रूरता से मारा गया था, मगर एक ही दिन में इजरायल के प्रति विश्व की हमदर्दी फिलिस्तीनी अरबों के पाले में चली गई। ऐसा दरअसल इसलिए हुआ, क्योंकि जाने-अनजाने दुनिया फिलिस्तीनियों को इजरायली प्रतिशोध से बचाना चाहती है। वह देख सकती है कि जान-बूझकर या अनजाने में इस क्षेत्र के अरबों के साथ क्या हुआ है? वे यहां के मूल निवासी थे, मगर यूरोपीय उपनिवेश के समय उनको इंसान भी नहीं समझा जाता था। यह एक ऐसा दर्द है, जिसको जहां-तहां भारतीयों और स्थानीय लोगों ने झेला है।

कई रूढ़िवादी हिंदू फिलिस्तीनियों की परवाह करते हैं, यह पहली नजर में महसूस नहीं होगा। दरअसल, सोशल मीडिया एक खास तरह की सोच को बढ़ावा देता है। यह विश्वास करने के पर्याप्त कारण हैं कि भारत में बहुत सारी फिलिस्तीन विरोधी फर्जी खबरें परोसी जाती हैं। ऐसे में, मुझे यही लगता है कि औसतन हिंदुओं की सहानुभूति फिलिस्तीनियों के साथ है। इसका कारण यह है कि जब जोखिम ज्यादा होता है और चीजें सीधे प्रभावित करती हैं, तब अमूमन लोग रूढ़िवादी होते हैं। और, जब जोखिम कम होता है, तो वे उदारवादी बन जाते हैं। लोगों को अपने रहन-सहन की रक्षा के लिए सख्त रुख अपनाने की जरूरत होती है, और इसके लिए बतौर क्षतिपूर्ति उनको सुदूर के मुद्दों की जरूरत पड़ती है। फिलिस्तीन वही एक मुद्दा है। इसी कारण, वैश्विक दक्षिणपंथी जैसी कोई संकल्पना नहीं होती, लेकिन उदारवाद एक वैश्विक संस्कृति है। इसीलिए, हिंदुओं का एक बड़ा हिस्सा शायद ही इजरायल का समर्थन कर रहा होगा, और कई इजरायली भी शायद ही भारतीय मुसलमानों से कोई सहानुभूति रखते होंगे। यह भी आधुनिक समाज के मानवीय स्वभाव की ओर इशारा करता है।

मुझे उन भारतीयों पर संदेह है, जो यह सोचते हैं कि वे फिलिस्तीनियों से घृणा करते हैं। वे शायद ही उन अरबों से नफरत करते होंगे, जिनसे वे कभी मिले ही नहीं। वे दरअसल अपने देश के पाखंडी प्रचारकों से घृणा करते हैं। इसीलिए, सीमेंट और सूखे खून से लथपथ बच्चों के साझा किए जाने वाले वीडियो के बारे में हमें जब पता चलता है कि वह फिलिस्तीन का नहीं है, तो कुछ राहत महसूस होती है। लिहाजा, उम्मीद यही है कि एक दिन ऐसा आएगा, जब ये सब चीजें कहीं नहीं होंगी, और वे उसी तरह अप्रासंगिक बन जाएंगी, जैसे मनोवैज्ञानिक यूरोपीय खोजकर्ता।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# क्या विपक्षी गठबंधन में सब ठीक है?

अजीत द्विवेदी

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश में विधानसभा की कुछ सीट नहीं देने के लिए कांग्रेस को निशाना बनाया तो कहा गया कि विपक्षी गठबंधन में फूट पड़ गई और यह टूट सकता है। उधर बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कांग्रेस पर हमला किया तब भी यही कहा गया कि गठबंधन टूट सकता है और विपक्षी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं है। इससे पहले वामपंथी पार्टियों ने अपने असर वाले राज्यों में तालमेल से इनकार किया तब भी विपक्षी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं होने की खबरें चलीं। आम आदमी पार्टी को लेकर रोज आशंका जताई जाती है कि अरविंद केजरीवाल किसी भी समय विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को गच्चा दे सकते हैं। इस तरह की घटनाएं भाजपा के गठबंधन में भी हो रही हैं। हाल ही में तमिलनाडु में अन्ना डीएमके ने भाजपा से तालमेल तोड़ लिया है। आंध्र प्रदेश में पता ही नहीं चल रहा है कि भाजपा और टीडीपी का तालमेल होगा या परदे के पीछे से भाजपा वाईएसआर कांग्रेस से तार जोड़े रहेगी। पंजाब में भी अकाली दल के साथ उसका गठबंधन नहीं हो रहा है तो बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों खेमों में घमासान चल रहा है, जिसकी पंचायत भाजपा को करनी है। हैरानी की बात है कि इसके बावजूद एनडीए के बिखरने या सब कुछ ठीक नहीं होने की खबरें नहीं आती हैं। यह भारतीय मीडिया का चरित्र है वह सत्तापक्ष की कमियां नहीं बता सकती है।

बहरहाल, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया'



का जो विवाद अभी दिख रहा है उस आधार पर किसी नतीजे पर पहुंचने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि अखिलेश यादव जो कह रहे हैं या नीतीश कुमार ने बिहार में जो कहा या सीपीएम का जो स्टैंड है वह सबकी अपनी अपनी राजनीति को लेकर है। हां, यह जरूर है कि अभी 'इंडिया' में सब कुछ ठीक नहीं लग रहा है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि विपक्षी गठबंधन बिखरने जा रहा है और सभी पार्टियां मिल कर लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ सकती हैं। यह सही है कि विपक्षी गठबंधन की आखिरी बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में हुई थी। उसके बाद से कोई बैठक नहीं हुई है। समन्वय समिति की एक बैठक 13 सितंबर को हुई थी, जिसमें भोपाल में विपक्ष की साझा रैली करने की सहमति बनी थी लेकिन वह रैली भी टल गई क्योंकि मध्य प्रदेश के अध्यक्ष कमलनाथ चुनावी सीजन में ऐसे नेताओं से दूर रहना चाहते थे, जो सनातन का विरोध कर रहे थे। समन्वय समिति में टिकट बंटवारे को लेकर भी चर्चा हुई थी और कहा जा रहा था कि 31 अक्टूबर तक इस बारे में शुरुआती फैसला हो जाएगा। लेकिन अभी उस दिशा में भी काम आगे नहीं बढ़ा है।

इसका कारण यह है कि कांग्रेस इस समय विपक्षी गठबंधन की बैठक और सीट बंटवारे के काम में नहीं उलझाना चाहती है। इस समय पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव चल रहे हैं, जिसमें कांग्रेस का बहुत कुछ दांव पर लगा है। गठबंधन की बाकी पार्टियां इन राज्यों में नहीं हैं इसलिए उनकी चिंता आगे के चुनाव की है, जबकि कांग्रेस को इन पांच राज्यों की चिंता है। उसके सारे नेता राज्यों के उम्मीदवारों के चयन, रणनीति बनाने और प्रचार में बिजी हैं। इसलिए वे गठबंधन के बारे में नहीं सोच रहे हैं। दूसरी बात यह है कि कांग्रेस पांच राज्यों के चुनाव नतीजों से पहले विपक्षी पार्टियों के साथ सीट बंटवारे में नहीं पड़ना चाहती थी। कांग्रेस को लग रहा है कि पांच राज्यों में उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा होगा और उसके बाद वह मोलभाव करने की बेहतर स्थिति में होगी। हालांकि यह जोखिम लेने वाली बात है क्योंकि अगर पांच राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा तो उसकी मोलभाव करने की क्षमता कम भी हो सकती है और तब विपक्षी पार्टियां उस पर ज्यादा हावी हो जाएंगे। फिर भी कांग्रेस सोच समझ कर यह जोखिम ले रही है।

जहां तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी का सवाल है तो उसका मुख्य कारण यह है कि नीतीश ने ही विपक्षी गठबंधन बनाने की पहल की थी और पहली बैठक पटना में कराई थी। तभी से वे उम्मीद कर रहे हैं कि उनको विपक्षी गठबंधन का समन्वयक या संयोजक बनाया जा सकता है। लेकिन तीन बैठकों के बाद भी इस बारे में फैसला नहीं हुआ। इससे वे आहत हैं। तभी वे बिहार में कांग्रेस कोटे से एक और मंत्री बनाने का फैसला भी नहीं कर रहे हैं। इससे प्रदेश स्तर पर नाराजगी बढ़ रही है। यह भी कहा जा रहा है कि राजद और जदयू दोनों मिल कर कांग्रेस को कम से कम सीटें देना चाहते हैं। इसलिए कांग्रेस की ओर से भी दबाव की राजनीति हो रही है। तभी नीतीश कुमार ने बिहार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में एक कार्यक्रम में कह दिया कि भाजपा नेताओं के साथ उनकी दोस्ती कभी खत्म नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के बारे में उनकी बात नहीं सुन रही थी, जबकि 2014 में बनी सरकार ने उनकी बात सुन ली। यह कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत उन्होंने कहा क्योंकि सबको पता है कि बिहार में दो केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मंजूरी कांग्रेस सरकार के समय ही हुई थी।

अखिलेश यादव की नाराजगी का कारण भी स्थानीय है। वे उत्तर प्रदेश में प्रदेश कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे अभियानों से आहत हैं। राज्य में कांग्रेस पार्टी दलित गौरव यात्रा निकाल रही है तो कांग्रेस के नेता मायावती से तालमेल के बारे में बात भी कर रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के लिए उसकी मांगी सीटें नहीं छोड़ीं तो अखिलेश यादव ने कहना शुरू कर दिया कि अगर राज्यों में गठबंधन नहीं हो सकता है तो राष्ट्रीय स्तर पर कैसे गठबंधन होगा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस का रवैया यही रहा तो उस पर कौन भरोसा करेगा। हालांकि बाद में वे मान गए और विवाद खत्म किया। लेकिन इस बीच कांग्रेस और सपा नेताओं की ओर से भारी कटुता वाले बयान दिए गए थे। तभी यह कहा जाने लगा था कि विपक्षी गठबंधन बिखरने वाला है। लेकिन असल में ऐसा नहीं है। हर गठबंधन में पार्टियां बेहतर मोलभाव के लिए दबाव बनाती हैं और अंत में अपना हित देखते हुए समझौता करती हैं। 'इंडिया' के भीतर भी आखिरी समय तक यह खींचतान चलती रहेगी।

# वह फीनिक्स तो नहीं

राजशेखर चौबे

ठंड बढ़ने के साथ ही चुनावी सरगर्मी भी बढ़ गई है। प्रत्याशियों की घोषणा हो रही है। नामांकन भरे जा रहे हैं। भोपाल में कांग्रेस की टिकट के लिए सलमान बनकर प्रदर्शन किए गए। जिस राजनीतिक दल में टिकट के लिए जितनी मारामारी होती है वही दल हमें बढ़त लिए हुए दिखता है। वैसे ज्यादातर सर्वे में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की बढ़त बताई भी जा रही है । यही कारण है कि अखिलेश जी को अखिलेश वखिलेश सुनना पड़ा। इसके जवाब में उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष को चिरकुट नेता बताकर हिसाब बराबर कर दिया। इस मामले में अखिलेश जी की नाराजगी वाजिब लगती है। समाजवादी पार्टी केवल एक राज्य में शेर है परंतु वहां भी सवा शेर मौजूद है। वहीं कांग्रेस कुछ गिने चुने राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए शेर है परंतु इन राज्यों में भी वह लोकसभा चुनाव में ढेर हो जाती है। कांग्रेस फीनिक्स पक्षी भी नहीं है। समाजवादी पार्टी की जो हैसियत मध्यप्रदेश में है वही हैसियत कांग्रेस की उत्तर प्रदेश में है। दोनों मेले में बिछड़े भाई नजर आते हैं। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास एक लोकसभा सीट और मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के पास एक विधानसभा सीट है फिर भी इन दलों के नेताओं के दंभ में कोई कमी नहीं है। इन नेताओं का यही रवैया कायम रहा तो 2024 के आम चुनाव में इंडिया गठबंधन की हार तय है। राजधानी भोपाल में कांग्रेस की टिकट चाहने वालों ने शर्ट उतारकर प्रदर्शन किए। इधर कांग्रेस के दो बड़े नेता एक दूसरे के कपड़े उतारने को आतुर दिखे। कांग्रेस ने बढ़-चढ़कर फ्रीबिस की घोषणा की है। वहीं भाजपा भी पीछे नहीं है। रेवड़ी सत्ता प्राप्ति का प्रमुख साधन बन गया है। सभी राजनीतिक दल जनता के पैसे को जनता में लुटाकर दानवीर होना चाहते हैं। कांग्रेस ने असंतुष्टों को संतुष्ट करने के लिए विधान परिषद के गठन का वादा किया है। इस कदम से जो राजकोषीय घाटा होगा उसे कर्ज लेकर या टैक्स बढ़ाकर ही पूरा किया जा सकेगा।

मालवा क्षेत्र हमेशा से भारतीय जनता पार्टी का गढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद 2018 के चुनाव को छोड़कर लगभग सभी चुनाव में मध्य प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा है। बीच के एक वर्ष को छोड़कर लगभग बीस बरस से भाजपा मध्य प्रदेश में काबिज है और शिवराज सिंह जी अठारह वर्ष मुख्यमंत्री रहे हैं। वे पिछड़े वर्ग से भी आते हैं। जाति जनगणना की मांग के बरक्स मंडल 2.0 के दौर में भी उनका नाम कोई नहीं ले रहा है यह भी एक विडम्बना है। उन्हें दरकिनार किया जा रहा है। मजबूरन उन्हें अपने आप को फीनिक्स पक्षी बताना पड़ा जो राख का ढेर होने के बाद भी पुनः उत्पन्न हो जाता है। वे फीनिक्स है या नहीं यह आने वाला वक्त ही बताएगा। मध्य प्रदेश में कोई भी दल जीते उनका जाना तय लग रहा है। भाजपा ने मोदी जी का भावुक पत्र - एम पी के मन में मोदी जारी किया है जिसमें जनता से 2014 और 2019 की तरह 2023 में भी भरपूर समर्थन की गुजारिश की गई है। वे मतदाता को भावुक कर प्रायः लुभा लेते हैं हालांकि 2018 में वे मध्य प्रदेश की जनता को लुभा नहीं सके थे। बाद में एक नेता को लुभाकर सरकार बदली गई। जब तक नेताओं का लोभ कायम है तब तक लुभाकर सरकार बदलने की कवायद भी चलती रहेगी। इससे निजात पाना जरूरी है। यह लोकतंत्र की अवमानना है।

# मुझे पता था तुम आओगे

लेस्ली वेदरहेड द्वितीय विश्व युद्ध की एक कहानी कहते हैं। दो सैनिक बड़े घनिष्ठ मित्र थे। एक शाम जब एक सैनिक शिविर में लौटा, तो देखा कि उसका मित्र अभी तक आया नहीं है। सीमा पर अनेक लोग मारे गए थे। उसे डर लगा कि कहीं उसका दोस्त भी तो नहीं शहीद हो गया? उसने पूछताछ की, तो किसी ने बताया, 'हमें पक्का तो नहीं पता कि वह मारा गया, लेकिन इतनी बुरी तरह से घायल हो गया था कि उसका बचना बहुत मुश्किल है। अब तक तो शायद वह मर भी गया हो।

अंधेरा गहराने लगा था और दुश्मन फौजी अब भी गोलीबारी कर रहे थे, लेकिन वह सैनिक अपने दोस्त को ढूंढ़ना चाहता था। कमांड ऑफिसर ने कहा, 'नहीं, यह मूर्खतापूर्ण है', लेकिन वह किसी की सुनने को तैयार न था, वह चला गया। अंधेरे में लाशों के बीच दोस्त को ढूंढ़ना बहुत कठिन था। वह ढूंढ़ता रहा और आधी रात गए कैंप लौटा अपने मित्र का मृत शरीर अपने कंधे पर लिए हुए। स्वयं उसे बहुत घाव लगे थे, गहरे घाव... वह भी नहीं बच सकता था।

जब वह कैंप के बेहद करीब पहुंचा, तो अपने मित्र की लाश के साथ जमीन पर गिर गया। कमांड ऑफिसर बोला, 'मैंने कहा था तुम्हें कि मूर्खता न करो! उसका कोई सार न था। अब तुमने अपने साथ यह क्या कर लिया? दोस्त तो मर ही चुका है, तुम भी मरने वाले हो!' दम तोड़ते सैनिक ने अपनी आंखें खोलीं और बोला, 'लेकिन यह करने जैसा था, क्योंकि जब मैं वहां पहुंचा, तो उसने मेरी तरफ देखा और कहा- जिम, मैं जानता था कि तुम आओगे।

प्रेम के लिए जीवन को दांव पर लगाया जा सकता है, यह करने जैसा है। लेकिन हमें ठीक इसके उल्टा सिखाया गया है। बस जीने के लिए हर चीज को दांव पर लगा दो; बस बचे रहने के लिए, हर चीज को दांव पर लगा दो। मैं तुम्हें प्रेमपूर्ण होना सिखाता हूं, इसके लिए हर चीज को दांव पर लगा दो। जीवन भी दांव पर लग जाए, बहुत बढ़िया, यह करने जैसा है। जिस क्षण तुम ऐसे हो जाते हो, पूरी दुनिया बदल जाती है। तुम्हारे बदलने के साथ ही दुनिया बदल जाती है। और अचानक तुम पाते हो कि लोग बहुत ही प्रेमपूर्ण और दयावान हैं। वे हमेशा ऐसे ही थे।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़







## खास खबर

### विधानसभा आम निर्वाचन 2023 : डाक मतपत्र जमा करने के लिए अंतिम तिथि कल तक

**मोहला ।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत ऐसे निर्वाचक जो जिले में ही निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न है, उनके डाक मत पत्र द्वारा मतांकन के विकल्प हेतु आवेदन फार्म 12 व 12 क संलग्न दस्तावेजों, एपिक की छायाप्रति तथा निर्वाचन ड्यूटी आदेश की छायाप्रति के साथ कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी निर्वाचन क्षेत्र 78 मोहला मानपुर के समक्ष प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक निर्धारित किया गया है। अन्य जिले में निर्वाचन ड्यूटी पर नियुक्त ऐसे निर्वाचक जो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 78 मोहला मानपुर में निर्वाचन के रूप में पंजीकृत है, इनके डाक मतपत्र के विकल्प हेतु भरे गयें फार्म 12 संलग्न दस्तावेजों, एपिक की छायाप्रति व निर्वाचक ड्यूटी की छायाप्रति के साथ 27 अक्टूबर शाम 5 बजे तक कार्यालय, रिटर्निंग आफिसर क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

### मतदाता जागरूकता: लोगों ने प्रलोभन रूपी रावण का दहन कर लालच मुक्त होकर मतदान करने दिया संदेश

**गरियाबंद।** जिले में स्वीप कार्यक्रम व चुनई तिहार 2023 अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में विशेष अभियान संकल्प गरियाबंद चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रतिदिन विविध मतदाता जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियां संपादित की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को विजयदशमी के अवसर पर जिले के मतदाताओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रलोभन रूपी रावण का दहन किया।इस दौरान लोगों ने लालच मुक्त होकर साड़ी,मोबाईल,टीवी,शराब,पैसा नहीं लेकर अपने विवेक से मतदान करने का संदेश दिया। साथ ही लोगों ने ऐसी कोई लुभावने चीजों के प्रभाव में नही आकर स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक भी किया।प्रलोभन दहन कार्यक्रम के तहत मतदाताओं ने शराब,साड़ी,जेवर,टीवी,मोबाइल एवं गाड़ी जैसे चीजों के प्रतीकात्मक रूप से रावण का निर्माण कर उनका दहन किया। अभियान के तहत प्रलोभन दहन कार्यक्रम ग्राम पंचायतों में आयोजित किया गया।

### उवसग्गहरं पार्श्वतीर्थ में सरस्वती देवी महापूजन का आयोजन


**दुर्ग।** उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में बुधवार को सरस्वती महापूजन का आयोजन हुआ। तीर्थ में आसोज मास की शाश्वत् नवपद जी ओली की आराधना प.पू. आचार्य देवेश मद् हेमप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी प.पू. साध्वी मुक्तिप्रिया जी म सा आदि ठाणा 12 की निश्रा में प्रारम्भ है। पूज्य गुरूवर्या की निश्रा में सरस्वती महापूजन मे नवपद जीआराधक तपस्वियो आराधको नादिया (राज.)निवासी नथमल जैन, बाबीबेन जैन अहमदाबाद से कु.कशीश जैन, नीलाबेन जैन, बेंगलोर से रोहिणीबेन मुथा, सूरजदेवी जैन, मधुदेवी जैन, विशाखापट्टनम् से मोहनीबेन, सांकलिया बेन, जय बेन, ज्योत्सनाबेन, रेणुका बेन, चेन्नई से कमलाबाई भंडारी, मैसूर से मंजूदेवी जैन, मुम्बई से रंजन बेन, शाह, रंजनबेन फगनिया सोहनबेन जैन, संध्याबेन जैन, हेमलता बेन जैन, सरोजबेन जैन, जय गांधी, राजेश गांधी, सुरेश कुमार जैन, शांतिलाल जैन, धमतरी राकेश लोढा, दुर्ग सरोज गोलछा आदि देशभर के आराधको ने भाग लिया है।

### कैट ने प्रदेश में शत प्रतिशत मतदान करने व्यापारियों से की अपील

# कैट पदाधिकारियों ने त्योहारी सीजन एवं चुनाव के मद्देनजर व्यापार में आ रही कठनाईयों के संबंध में की चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि बताया कि दोपहर 12 बजे जूम मिटिंग के माध्यम से कैट के पदाधिकारियों का त्योहारी सीजन एवं चुनाव के मद्देनजर व्यापार में आ रही कठनाईयों के सम्बन्ध में चर्चा एवं कैट द्वारा प्रदेश में शत प्रतिशत मतदान कैसे हो पर चर्चा हुई। मिटिंग में प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी जुडे रहे।




कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि प्रदेश में में 7 एवं 17 नवम्बर 2023 को विधानसभा चुनाव होने वाले है। विधानसभा के चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही प्रदेश में शहर विभिन्न चौक चौराहो पर चेक पोस्ट बनाकर वाहनो की जांच की रही। जिससे किसी भी गाड़ी में कैश मिलने पर पुलिस उस रकम को जब्त कर आवश्यक दस्तावेज की मांग की जा रही है। व्यापारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेज दिखाने पर भी उन्हे अनावश्यक परेशानीयों का सामना करना पड रहा है। सराफा व्यापारियों को सोने चांदी लाने ले जाने पर व्यापारियों से ई-वे बिल की मांग की जा रही हैं। जिले या अन्य जिले या अन्य राज्य के भीतर सोने की आवाजाही के मामले में।

ई-वे बिल की आवश्यकता नहीं। यदि माल एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित होता है और केवल 15 वस्तुओं पर लागू होता है जो अधिसूचना में उल्लिखित है। ई-वे बिल जरूरी होगा।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने आगे बताया कि इस सम्बंध विगत दिनों का कैट का एक प्रतिनिधी मंडल मुख्य चुनाव पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले से मुलाकात कर त्यौहारी सीजन होने के कारण व्यापारी अपने साथ नगद एवं सोने चांदी साथ लेकर जा रहे है। और उसके पास उस संबंध में पर्याप्त दस्तावेजी प्रमाण है तो कृपया उस पर कोई विभागीय कार्यवाही नहीं करने हेतु उचित दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया गया था। इस पर मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने सकरात्मक आस्वासन दिया था। उन्होनें आगे कहा कि कैट आगामी चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के करने हेतु व्यापारियों से आग्रह किया है। व्यापारीगण अपने मताधिकार के साथ-साथ अपने परिवार एवं कर्मचारियों के मताधिकार का उपयोग अवश्य रूप से करवाएं। समस्त इकाइयों एवं एसोसिएशन मतदान हेतु अपने क्षेत्र के लोगों को प्रेरित करें ताकि शत् प्रतिशत मतदान हो सके।

मिटिंग में कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप जुडे रहे :- अमर पारवानी, जितेन्द दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, विजय पटेल राकेश ओचवानी, कान्ति पटेल,, दीपक विधानी, विक्रांत राठौर, मुकेश झा, राकेश लालवानी, नरेश माखीजा, संजय चौबे, विजय मंगवानी, किशोर पंजवानी, प्रमोद कुमार वर्मा, रविन्द्र तिवारी, मदनलाल अग्रवाल दर्शन निहाल, टी. श्रीनिवास रेडडी, पृथ्वीपाल सिंह छाबडा, नन्दलाल बलवानी, अजय द्विवेदी, प्रशांत कुमार, अशोक छेतिजा, महेश प्रसाद राय, विनोद वाधवानी, जीवत बजाज, प्रकाशचन्द कुंडलिया, मिक्की दत्ता, विजय गुरूब्क्षाणी, हरमैल सिंह, दीपचन्द कोटाडिया, एवं नागेन्द्र तिवारी सहित समस्त इकाइयों के अध्यक्ष एवं संगठन के पदाधिकारी आदि।

# कांग्रेस का फर्स्ट टाइम वोटर मैराथन 30 को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कांग्रेस ने आगामी 2023 छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में प्रथम बार वोट देने वाले लोगों की संख्या लगभग 18 लाख है। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि युवा मतदाता देश का भविष्य है। इन युवा मतदाताओं को चुनाव में भाग लेने और प्रेरित करने के लिये कांग्रेस पार्टी एक मैराथन का आयोजन करने जा रही है। 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी ने मतदान करने की उम्र सीमा 21 साल से घटाकर 18 वर्ष की थी। इस निर्णय के बाद से भारत में युवा मतदाताओं की लोकतंत्र में सहभागिता बढ़ी है। लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में उनकी पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये कांग्रेस पार्टी एक वोटर जागरूकता मैराथन का आयोजन कर रही है। मैराथन में 18 से 25 वर्ष के युवा भाग ले सकेंगे। मैराथन के माध्यम से युवा मतदाता चुनाव में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित होंगे, एक- दूसरे से जुड़े सकेंगे और अपने मताधिकार के बारे में जागरूक हो सकेंगे। एक मैराथन में रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से किया जा सकता है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म लिंक और क्यूआर कोड के जरिये किया जा सकता है और ऑफलाइन फॉर्म के जरिये भी किया जा सकता है। जिसकों पार्टी के कार्यकर्ता फर्स्ट टाइम वोटर्स के बीच में ले जा रहे है। मैराथन तेलीबांधा तालाब से सुबह 7 बजे चालू होगा और घड़ी चौक होते हुये गांधी मैदान तक जायेगी। इस मैराथन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कन्हैया कुमार और छत्तीसगढ़ के स्पोर्ट्स इंफ्लूएंसर शामिल होंगे। मैराथन में प्रथम 100 विजेताओं से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी विशेष मुलाकात करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने 5 वर्षो में युवाओं के रचानात्मक विकास के लिये राजीव युवा मितान के 13242 क्लब गठित और 132 करोड़ की राशि दी गई। 44000 शासकीय पदों पर नौकरी दी गयी और 42000 विभिन्न शासकीय पदों पर भर्ती जारी। 10 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम आदर्श महाविद्यालय एवं 33 अन्य महाविद्यालय खुले। राज्य चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के लिये 04 नये मेडिकल कॉलेज 3 नये निजी मेडिकल कॉलेज खोले जा चुके एवं 04 प्रक्रिया में है। 1 लाख से अधिक युवाओं के लिये निः शुल्क बस सेवा की शुरूआत की गयी। ब्लॉक स्तर पर निः शुल्क 144 स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना शुरू। ,स्स्श्वह के माध्यम से कर सकेंगे नीट और जी की तैयारी। प्रदेश में न्यूनतम बेरोजगारी दर 0.5 प्रतिशत के स्तर पर पहुंचा। 753 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी स्कूलों में अच्छी शिक्षा मुफ्त 4.5 लाख से ज्यादा छात्र अध्ययनरत। शिक्षित बेरोजगारी को हर माह 2500 रूपये बेरोजगारी भत्ता।

## महाप्रसाद वितरण के सौ सप्ताह पूरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शनैश्वर धाम शनि मंदिर समिति सेक्टर 6 द्वारा हर शनिवार मंदिर परिसर में संध्या 7 बजे हनुमान चालीसा पाठ और शनिदेव जी की विशेष पूजा और महाआरती हो रही है। आरती पश्चात महाप्रसाद वितरित किया जाता है। भक्तजनों और समिति के द्वारा किये जाने वाले भंडारे का 21 अक्टूबर को 100 सप्ताह पूरा हुआ। इस 100 वें सप्ताह में महाप्रसाद वितरित किया हज़ारों भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया और शनिदेव का दर्शन किया। इस दौरान समाजसेविका जया मिश्रा , विनीता मनीष पांडे और



धीरज शुक्ला ने भोग प्रसाद वितरण किया। महाप्रसाद वितरण इसी तरह हर शनिवार जारी रहेगा। आम जनों के सहयोग और मार्गदर्शन से यह पावन कार्य संपन्न हो रहा है। यह जानकारी शनैश्वर धाम शनि मंदिर समिति के सदस्य महेन्द्र प्रताप सिंह बबलू ने दी।

## एनटीपीसी ने हरित इंधन और हरित उर्वरक के लिए ईआईएल के साथ समझौता ज्ञापन पर किये हस्ताक्षर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** एनटीपीसी ने इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) के साथ एक एमओए पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें नेत्रा (एनटीपीसी लिमिटेड का अनुसंधान एवं विकास केंद्र) कार्बन कैप्चर यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज (सीसीयूएस), ग्रीन फ्यूल, ग्रीन हाइड्रोजन सहित ग्रीन केमिकल्स के क्षेत्र में सहयोगी परियोजनाएं शुरू कर सकता है। हरित अमोनिया आदि, हरित उर्वरक, जैव-ईंधन, डीकार्बोनाइजेशन, अपशिष्ट प्रबंधन, पानी, राख आदि स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण की ओर ले जाते हैं।

एमओए पर एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (परियोजनाएं) यू.के. भट्टाचार्य और ईआईएल के निदेशक (वाणिज्यिक) अतुल गुप्ता ने एनटीपीसी के निदेशक (वित्त) जयकुमार श्रीनिवासन, निदेशक (तकनीकी) राजीव अग्रवाल की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी है, जो देश की बिजली आवश्यकता का 1/4 योगदान करती है। 73 गीगावॉट से अधिक की स्थापित क्षमता और थर्मल, हाइड्रो, सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों के विविध पोर्टफोलियो के साथ, एनटीपीसी देश को विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए समर्पित है। कंपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और हरित भविष्य के लिए स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एनटीपीसी समूह की वर्ष 2032 तक 60 गीगावॉट आरई क्षमता की योजना है और यह डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में हाइड्रोजन मिश्रण, कार्बन कैप्चर और ईंधन सेल बसें जैसी कई पहल कर रहा है।

# जिले में व्यापमं ने विभिन्न भर्ती परीक्षा 29 को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा विभिन्न भर्ती परीक्षा 29 अक्टूबर 2023 को दो पालियों में पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे एवं दोपहर 02 बजे से 04:15 बजे तक आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा हेतु 24 परीक्षा केंद्र एवं द्वितीय पाली की परीक्षा हेतु 04 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसके अंतर्गत प्रथम पाली में 7,412 तथा द्वितीय पाली में 1,148 परीक्षार्थी शामिल होंगें।

परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07759-221458 है। परीक्षा के सुचारू आयोजन हेतु प्रशासनिक पर्यवेक्षकों की बैठक 27 अक्टूबर को शासकीय पीजी कॉलेज कोरबा में दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में सभी आब्जर्वर, रिजर्व




आब्जर्वर, केंद्राध्यक्षों एवं उड़नदस्ता दलों की उपस्थिति अनिवार्य है। कलेक्टर सौरभ कुमार के दिशा-निर्देश में परीक्षा के सुचारू संपादन व जिला कोषालय कोरबा से परीक्षा केन्द्र के लिए गोपनीय सामग्री प्राप्त करने व परीक्षा समाप्ति पश्चात उत्तर पुस्तिका एवं अन्य सामग्री अपने निगरानी में सील कराकर समन्वयक केंद्र में जमा करने हेतु विभिन्न अधिकारियों को प्रशासनिक पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रथम पाली में सेंट फ्रांसिस इंग्लिश मीडियम स्कूल नकटीखार कोरबा हेतु श्री व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार मानसिंह राठिया, डाईट जिला जेल के पीछे हेतु प्राचार्य प्रयास आवासीय विद्यालय कोरबा गौरव शर्मा, शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज रजगामार रोड कोरबा हेतु प्रबंधक उद्योग एवं व्यापार केंद्र कोरबा री टी. के. राठिया तथा सेंट जेवियर पब्लिक स्कूल आईटीआई रामपुर कोरबा हेतु व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुदुरमाल टी. डी. टोण्डे को प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल तहसील कार्यालय रामपुर हेतु कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग जी. आर. जांगड़े, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पीडब्ल्यूडी रामपुर कोरबा हेतु सहायक संचालक डीपीएस कंवर,शासकीय गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल बाल्को नगर हेतु व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नोनबिर्रा संजीव खाखा आदि है।


# निगम जोन 9 सहित विभिन्न स्थानों में जोनों की टीमों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित सहायक अभियंताओं, उप अभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की उपस्थिति में नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में पहुंचकर मतदाताओं को शत - प्रतिशत




मतदान करने जागरूक बनाने का कार्य प्रतिदिन नियमित रूप से किया जा रहा है. नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 9 की टीम ने जोन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोवा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में पहुंचकर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शत - प्रतिशत मतदान करने की दृष्टि से वहाँ के रहवासी मतदाताओं को नगर निगम जोन क्रमांक 9 के जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय एवं कार्यपालन अभियन्ता के. के. शर्मा एवं जोन सहायक राजस्व अधिकारी श्री विजय शर्मा की उपस्थिति में जागरूक बनाया. रहवासी मतदाताओं सहित जोन क्रमांक 9 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शत - प्रतिशत मतदान करने की दृष्टि से सामूहिक शपथ ली.इसी प्रकार नगर निगम जोन क्रमांक 8 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम ने रायपुरा महादेवघाट के समीप दुर्गा माता मूर्ति विसर्जन स्थल पर ड्यूटी के दौरान नगर निगम जोन क्रमांक 8 के जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव की उपस्थिति में शत- प्रतिशत मतदान की सामूहिक शपथ स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए ली. रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनो के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा रहवासी क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता रहवासियों को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का अभियान प्रतिदिन नियमित रूप से जारी रहेगा।






## खास खबर...



### विधायक विकास उपाध्याय ने किया दुर्गा विसर्जन झांकियों का स्वागत

**रायपुर (ए)।** विजयादशमी के पावन अवसर में रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न जगहो में पुष्प वर्षाकर माता के जोत जवारा सांग बाना और विसर्जन झाकियों का भव्य स्वागत कर आशीर्वाद लिया। प्रमुख रूप से रामनगर, खमतराई, हीरापुर, जरवाय सहित अन्य कई जगहों में जोत जवारा सांग बाना और भव्य झाकियों के साथ माता का विसर्जन किया गया है। इस अवसर में बहुत ही उत्साह के साथ मनमोहक झांकियां के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा माता की सेवा की गई और समिति के सदस्यों के द्वारा विधायक विकास उपाध्याय का उत्साहित होकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर में विधायक विकास उपाध्याय ने कहा पूरे क्षेत्र में भव्यता से जिस प्रकार सांग बाना और झांकियां के माध्यम से आज माता जी का विसर्जन किया गया वह बहुत ही सुंदर है नवरात्रि महापर्व शक्ति और भक्ति का प्रतीक है इसमें माता दुर्गा जी का अलग-अलग रूपो में शक्ति और भक्ति के साथ श्रद्धालु भक्तजन उत्साह पूर्वक जोत जवारा सांग बाना के साथ उत्साह और उमंग में बहुत ही सुंदर तरीके से जस गीतों के साथ माता का सेवा पूरे भक्ति भाव के साथ दुर्गा माता का विसर्जन किया।

# बुज़ुर्ग व निशक्तों को मिलेगी चुनाव में विशेष सुविधा, डाक मतपत्र से घर बैठे कर सकेंगे मतदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव में इस बार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बुजुर्ग व निशक्त जनों के साथ कोविड संदिग्ध व्यक्तियों के लिए मतदान की विशेष सुविधा मुहैय्या कराया जा रहा है। इसके तहत 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों एवं कोविड 19 संक्रमित संदिग्ध मतदाताओं को मतदान के लिए डाक मतपत्र की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। ऐसे व्यक्ति जो मतदान दिवस को मतदान केंद्र में पहुंचकर वोट डालने में अपने को असमर्थ पाते हैं, वे फॉर्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन कर घर बैठे वोट कर सकेंगे।







मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का यह प्रयास है कि समाज का कोई भी वर्ग मतदान में अपनी भागीदारी से ना छूटे। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत राज्य में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर सर्वे का कार्य किया जा रहा है तथा 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले निःशक्तजन और कोविड संक्रमित मतदाताओं के आवेदन फॉर्म 12 घ में प्राप्त किये जा रहे हैं। प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में इस वर्ग के कुल 1648 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने दुसरे चरण के विधानसभा क्षेत्रों ऐसे सभी पात्र एवं इच्छुक मतदाताओं से फॉर्म 12घ में आवेदन करने की अपील की है। फॉर्म 12घ का आवेदन सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी के पास निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के 5 दिवस के अन्दर प्राप्त हो जाना चाहिए। इस प्रकार छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के दूसरे चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में यह आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 26 अक्टूबर 2023 हैं।

डाक मतपत्र के विकल्प का चयन करने पर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सम्बंधित मतदाता को डाक मतपत्र जारी करते हुए इन श्रेणी के मतदाताओं के लिए विशेष मतदान दल का गठन भी किया जाता है। मतदान दल द्वारा ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान कराया जाता है। विशेष गठित मतदान दल के द्वारा मतदाता को उनके घर में मतदान कराने की तिथि के बारे में पूर्व में ही सूचित किया जाएगा जिससे कि मतदाता मतदान हेतु घर में उपस्थित रहे। यदि किसी कारणवश मतदाता उस दिन अपने घर में नहीं मिलता है तो पुनः अपने अगले दौरे की तिथि एवं समय की सूचना देकर मतदान दल के द्वारा मतदाता का मत प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा।

मतदान दलों के ऐसे प्रत्येक दौरे की जानकारी सभी अभ्यर्थियों को प्रदान की जायेगी जिससे कि वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि/बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से पूरी प्रक्रिया का अवलोकन कर सकेंगे। घर-घर जाकर मतदान की यह प्रक्रिया निर्धारित मतदान तिथि 7 नवम्बर 2023 (प्रथम चरण) एवं 17 नवम्बर 2023 (द्वितीय चरण) के कम से कम 1 दिवस पूर्व पूर्ण कर ली जाएगी। आयोग के निर्देशानुसार पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जावेगी। डाक मतपत्र के विकल्प का चयन करने वाले मतदाता मतदान दिवस को मतदान केंद्र में अपना वोट नहीं डाल पाएंगे।

## रामलीला मंचन के बाद रावण दहन



**रायपुर (ए)।** ग्राम खरोरा में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। शाम को रामलीला का मंचन हुआ। रामलीला देखने लोग उमड़ पड़े। मंचन के बाद रावण दहन किया गया और आतिशबाजी की गई। श्रीराम विष्णु चंद्राकर, लक्ष्मण देवदत्त, अंगद धर्म चंद्राकर, हनुमान पवन चंद्राकर, सुग्रीव किशन ठाकुर, विभीषण रामकुमार चंद्राकर, जामवंत डॉ. अश्वनी धीवर, रावण रोहित चंद्राकर, कुंभकरण पुरुषोत्तम पंडा, मेघनाथ मेमन चंद्राकर, सुषेण वैद्य हरिशंकर चंद्राकर, कालनेमी हेमू चंद्राकर, भरत चम्मन दास मानिकपुरी, अक्षय कुमार रिंकू चंद्राकर, रावण सेना हेमू, छोटा, नानू, डीगेश, गोविंद, नेहरू, सुखदेव बने थे। इस दौरान संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, सरपंच सुनीता चंद्राकर, उपसरपंच हेमलता चंद्राकर, रामायण मंडली अध्यक्ष किशनलाल चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## 37वीं राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ की ज्ञानेश्वरी ने जीता स्वर्ण





**रायपुर (ए)।** गोवा में 37वीं राष्ट्रीय खेल का आयोजन 26 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक भारतीय ओलम्पिक संघ एवं गोवा ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में किया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल में वेटलिफ्टिंग (भारोत्तोलन) खेल का आयोजन कैम्पल ओपन ग्राउण्ड (कैम्पल स्पोर्ट्स विलेज), पणजी, गोवा में 23 से 25 अक्टूबर तक किया गया।


25 अक्टूबर को राष्ट्रीय खेल के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ की ज्ञानेश्वरी यादव ने 49 कि.ग्रा. वर्ग के स्नैच में 80 कि.ग्रा. तथा क्लिन एंड जर्क में 97 कि.ग्रा. सहित कुल 177 कि.ग्रा. वजन उठाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। दूसरे स्थान पर हरियाणा की प्रीति रही जिसने स्नैच में 79 कि.ग्रा. तथा क्लिन एवं जर्क में 95 कि.ग्रा. सहित कुल 174 कि.ग्रा. उठाकर रजत पदक तथा उड़ीसा की झिल्ली डाला बेहेरा ने स्नैच में 73 कि.ग्रा. तथा क्लिन एवं जर्क में 94 कि.ग्रा. सहित कुल 167 कि.ग्रा. वजन उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया।

इसके पूर्व छत्तीसगढ़ की आकर्षी कश्यप ने बैडमिंटन में राज्य को पहला कांस्य पदक दिलाया था। छत्तीसगढ़ ने 37वीं राष्ट्रीय खेल में अब तक 1 स्वर्ण पदक एवं 1 कांस्य पदक सहित कुल 2 पदक प्राप्त किये है।

26 अक्टूबर को राष्ट्रीय खेल के तीसरे दिन महिला बास्केटबॉल 3×3, फेंसिंग, पेंचक सिलट एवं बिलियर्ड्स एवं स्नूकर तथा मलखंभ में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे।

## प्रभु महावीर संकट को सौभाग्य में बदलने की कला सिखाते हैंः प्रवीण ऋषि

**रायपुर (ए)।** लालगंगा पटवा भवन में श्रीमद् उत्तराध्ययन श्रुतदेव आराधना के दूसरे दिन बुधवार को परमात्मा के सूत्रों को बताते हुए उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि ने कहा कि विनय संकट में समर्थ बनने के लिए। विनय का वरदान जिसके पास होता है वह संकट को शक्ति का केंद्र बना लेता है। कैसे संकटों को शक्ति केंद्र बनाया जाता है, प्रभु महावीर निर्वाण कल्याणक की देशना में एक अनूठा सूत्र दे रहे हैं कि संकट की भक्ति मत करो, अनजाने में इंसान समस्या की भक्ति करता है। प्रभु कहते हैं कि समस्या से मुक्त हो जाओ। और कैसे समस्या से मुक्त होना इसके अनूठे सूत्र प्रभु ने फरमाए, जिन्हे सुधर्मा स्वामी ने पवित्र अक्षरों में सुरक्षित किया। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी है।



प्रभु महावीर यह वरदान किसी को नहीं देते है कि तेरे जीवन में कभी संकट नहीं आएंगे। यह संभव भी नहीं है, ऐसा कभी हुआ नहीं और कभी होगा भी नहीं कि संकट आएगा ही नहीं। लेकिन संकट को संकट समझना कि सौभाग्य का मार्ग समझना, इतना ही अंतर है हम में और परमात्मा में। परमात्मा कहते हैं संकट को सौभाग्य बनने की कला सीख लो। प्रभु कहते हैं कि पहले संकट को सुनो। आने वाली विपरीत परिस्थितियों को पहले सुनना। अंदर की श्रवण शक्ति विकसित होनी चाहिए। जो इस शक्ति को विकसित कर पाते हैं, वो अगली बात कर पाते हैं। अगला सूत्र है संकट को जान लो। प्रभु कहते हैं कि सुनने और जानने में एक छोटा अंतर है। जानने का मतलब है कि ऐसी परिस्थित पहले किन सफल व्यक्तियों के जीवन में आई थी और उन्होंने उस समय क्या किया था। प्रभु तीसरा और महत्वपूर्ण सूत्र बताते हैं कि अभ्यास और कल्पना करें। मैं इन परिस्थितियों से कैसे बाहर निकल सकता हूं, इसके बारे में कल्पना करें और प्रयास करें। समस्या को सुनना और ध्यान लगाना कि उसका समाधान क्या है और उस समाधान में जीने का प्रयास करना।

## व्हाइट कोट सेरेमनी में नवप्रवेशित छात्रों ने ली चरक आचार संहिता की शपथ

**रायपुर (ए)।** रायपुर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों को चिकित्सा आचार संहिता की शपथ दिलाने के लिए 'व्हाइट कोट सेरेमनी' आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक चंद्राकार और विशिष्ट अतिथि संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णु दत्त उपस्थित थे। अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय के हीरक जयंती वर्ष में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित 230 छात्र - छात्राओं को कुलपति की उपस्थिति में चिकित्सा आचार संहिता महर्षि चरक शपथ दिलाया जाना इस महाविद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात हैं। उन्होंने चिकित्सा छात्रों को आगाह किया कि चिकित्सा शिक्षा बहुत लंबी और कठिन है जिसमें एक के बाद एक पाठ्यक्रमों से होते हुए ताउम्र अध्ययनरत् होना होता है। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल ने मेडिकल प्रोफेशन के क्रियान्वयन के समय निभाये जाने वाले नैतिक मूल्यों और आदर्शों की जानकारी दी। डॉ. नेरल ने कहा कि मरीज दवाइयों के





अलावा एक आदर्श चिकित्सक से अपनत्व, मुस्कुराहट और मित्रवत व्यवहार की अपेक्षा रखते हैं।

संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णु दत्त ने चरक आचार संहिता की शपथ विद्यार्थियों को दिलाई, उनके द्वारा कहे गए शब्दों को नवप्रवेशित 230 छात्र-छात्राओं ने अपना दाहिना हाथ उठाकर दोहराया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. अशोक चंद्राकर ने नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा जारी किए गए नवीन दिशा-निर्देशों का ज़िक्र किया और विद्यार्थियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि की आसंदी से उन्होंने इस व्हाइट कोट सेरेमनी के गरिमामय वृहद आयोजन के लिए चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर की प्रशंसा की। उन्होंने अपने उद्बोधन में समाज में चिकित्सकों की भूमिका प्रतिपादित की और विश्वविद्यालय की ओर से चिकित्सा विद्यार्थियों के हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने चिकित्सा जगत में कार्य कर रहे चिकित्सकों हेतु महर्षि चरक द्वारा दिए गए नैतिक मूल्यों को अपने दैनंदिनी की चिकित्सकीय गतिविधियों में शामिल किए जाने की बात कही और इन भावी चिकित्सकों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उनके उद्बोधन पश्चात विद्यार्थियों द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का जिक्र करते हुए हम तुम्हारे साथ है वी आर द डॉक्टर्स, वी आर ऑलवेज देयर फॉर यू की संगीतमय प्रस्तुति दी।

महाविद्यालय द्वारा मंचस्थ विभूतियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए मेडिकल एजुकेशन यूनिट की कोऑर्डिनेटर डॉ. मंजू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। समारोह का संचालन जैव रसायन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. पीयूष भार्गव ने किया। मंचस्थ विभूतियों के साथ और चिकित्सा शिक्षकों के साथ छोटे-छोटे समूह में ग्रुप फोटो लिए गए जो इनके लिए ताउम्र यादगार होंगे।

कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम, डॉ. देवप्रिया लाकरा, डॉ. निर्मल वर्मा, डॉ. सुमीत त्रिपाठी, डॉ. पीके खोडियार, डॉ. जागृति अग्रवाल डॉ. केके साहू, डॉ. आरएल खरे, डॉ. संतोष सोनकर, डॉ. स्निग्धा जैन, डॉ. प्रवीण कुर्रे डॉ. देवप्रिय रथ, डॉ. दिवाकर धुरंधर और अन्य चिकित्सा शिक्षक उपस्थित थे।

## राजभवन में आयोजित होगा मेरी माटी मेरा देश- अमृत कलश यात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सभी ग्राम पंचायतों से भारत के शहीदों के सम्मान में घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्रित की गई। प्रदेश के 33 जिलों के 146 विकासखंडों के अंतर्गत हर गांव से संग्रहित मिट्टी, राजभवन लायी जायेगी। इस अवसर पर राजभवन में 27 अक्टूबर 2023 को राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया



जा रहा है। आजादी के 75वें वर्ष का जश्न मनाते हुए अमृत कलशों को राजधानी नई दिल्ली के कर्त्तव्य पथ पर पहुंचाया जायेगा। जहां विभिन्न राज्यों से लाई गई मिट्टी से शहीदों के सम्मान में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। सीआरपीएफ एवं नेहरू युवा केंद्र के समन्वय से मेरी माटी मेरा देश- अमृत कलश यात्रा का राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

सीआरपीएफ के अधिकारियों ने राजभवन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से भेंट कर उन्हें कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया। राज्यपाल ने भव्यतापूर्ण कार्यक्रम करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीआरपीएफ सेक्टर मुख्यालय रायपुर के डीआईजी एनकेसिंह, 65वीं बटालियन के कमाण्डेंट वीके सिंह, असिस्टेंट कमाण्डेंट सीआरपीएफ राजकुमार चितला, नेहरू युवा केंद्र रायपुर के जिला समन्वयक अर्पित तिवारी उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



























# खाने में कौन सी मिर्च इस्तेमाल करें

## हरी या लाल, कौन है ज्यादा फायदेमंद?

**खाने में मिर्च का इस्तेमाल बहुत किया जाता है। कोई भी डिश बनाना हो बिना मिर्च डाले स्वाद नहीं आता है। मिर्च में मौजूद कैप्सेसिन नामक यौगिक खाने को तीखा और मसालेदार बनाता है। इसलिए मिर्च के बिना खाना स्वादहीन लगता है। चाहे वो सब्जी हो, दाल, या फिर कोई भी नॉनवेज डिश, हर व्यंजन को स्वादिष्ट बनाने के लिए मिर्च का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि खाने में हरी मिर्च और लाल मिर्च जो डालते हैं उन दोनों में में से कौन सी ज्यादा फायदेमंद है? आइए यहां जानते हैं।**

### जानें क्यों है हरी मिर्च फायदेमंद

रिसर्च के अनुसार मिर्च में एंटीऑक्सीडेंट और अन्य पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। लेकिन मिर्च का नियमित सेवन सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। हरी मिर्च में कैप्सैसिन की मात्रा लाल मिर्च की तुलना में कम होती है।जिससे यह पाचन तंत्र के लिए अधिक उपयुक्त होती है। हरी मिर्च में विटामिन सी, विटामिन ए, पोटेशियम, कैल्शियम और आयरन जैसे पोषक तत्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। हरी मिर्च में एंटीऑक्सीडेंट गुण अधिक पाए जाते हैं जो कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं। हरी मिर्च के नियमित सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और स्वास्थ्य सुधरता है। इसलिए हरी मिर्च का सेवन लाल मिर्च के मुकाबले अधिक सुरक्षित माना जाता है।

### हरी मिर्च वजन करता है कम

हरी मिर्च का सेवन पाचन तंत्र के लिए बहुत लाभदायक होता है। हरी मिर्च में उच्च मात्रा में फाइबर पाया जाता है जो पेट की समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। फाइबर आंतों की गतिशीलता बढ़ाता है जिससे कब्ज दूर होता है। साथ ही हरी मिर्च में मौजूद एंजाइम्स भोजन के पाचन में मदद करते हैं। इसके अलावा हरी मिर्च में एंटी-बैक्टीरियल गुण भी होते हैं जो पेट की सूजन और संक्रमण से बचाते हैं। अत: नियमित रूप से हरी मिर्च का सेवन करने से पाचन तंत्र स्वस्थ बना रहता है।

### ब्लड शुगर लेवल करता है कंट्रोल

हरी मिर्च में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मददगार होते हैं। हरी मिर्च के नियमित सेवन से इंसुलिन की संवेदनशीलता बढ़ती है जिससे रक्त में ग्लूकोज का स्तर कम होता है। इसके अलावा, हरी मिर्च में कैप्साइसिन नामक यौगिक पाया जाता है जो पैंक्रियाज को इंसुलिन का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाकर ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करता है।



# सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी-स्टारर इंडियन पुलिस फोर्स 19 जनवरी को होगी रिलीज




सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और विवेक ओबेरॉय स्टारर एक्शन से भरपूर सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स के निर्माताओं ने कहा कि यह शो 19 जनवरी, 2024 को रिलीज होगा। पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर, निर्माताओं ने भारतीय पुलिस अधिकारियों की अथक प्रतिबद्धता के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में रोहित शेट्टी द्वारा निर्मित और रोहित और सुशांत प्रकाश द्वारा निर्देशित 7-पार्ट सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स के प्रीमियर की तारीख की घोषणा की।

सीरीज शेट्टी के डिजिटल निर्देशन की पहली फिल्म होगी, जिसमें सिद्धार्थ मुख्य भूमिका में पुलिस अवतार में होंगे। इसमें श्वेता तिवारी, निकितिन धीर, ऋतुराज सिंह, मुकेश ऋषि, ललित परिमू भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

इस बारे में बात करते हुए, रोहित ने कहा: इंडियन पुलिस फोर्स कॉप-वर्स में एक निर्माता के रूप में मेरी यात्रा का अभिन्न अंग है, जिसे मैंने और रोहित शेट्टी पिक्चरज में मेरी टीम ने सालों की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ बनाया है। फिल्म निर्माता ने कहा, मुझे अपने कास्ट और क्रू पर बहुत गर्व है, जिन्होंने इस एक्शन सीरीज को प्रस्तुत करने के लिए समर्पित रूप से मिलकर काम किया, जो हमारे भारतीय पुलिस अधिकारियों की वीरता, बलिदान और साहस का सम्मान करता है। यह सीरीज देश भर में भारतीय पुलिस अधिकारियों की निस्वार्थ सेवा, बिना शर्त प्रतिबद्धता और प्रचंड देशभक्ति की सराहना करती है, जिन्होंने हमें सुरक्षित रखने के लिए अपने कर्तव्य की पुकार पर सब कुछ दांव पर लगा दिया।

पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए सिद्धार्थ ने लिखा, लोकेशन क्लियर! टारगेट लॉक! फोर्स आ रही है! रोहित शेट्टी यूनिवर्स कॉप के लिए रिपोर्टिंग, आर्म्ड और स्ट्राइक करने के लिए तैयार! पोस्टर के कैप्शन में शिल्पा ने लिखा, जब सायरन बजेगा तो समझो क्राइम की बैंड बजेगी... आ गई पुलिस! पुलिस स्मृति दिवस पर हमारी भारतीय पुलिस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, यह शो उनकी वीरता, निस्वार्थ सेवा, अटूट प्रतिबद्धता और उग्र देशभक्ति को श्रद्धांजलि है। इंडियन पुलिस फोर्स का प्रीमियर 19 जनवरी 2024 को प्राइम वीडियो पर होगा।




## जूनियर एनटीआर की देवरा का नया पोस्टर जारी

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता जूनियर एनटीआर मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म देवरा को लेकर चर्चा में हैं। इसमें सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसका निर्देशन कोराताला शिवा कर रहे हैं। अब निर्माताओं ने सोमवार को देवरा का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें एक हाथ हथियार पकड़े नजर आ रहा है। इसके साथ निर्माताओं ने दर्शकों को दशहरा की शुभकामनाएं दी हैं। एनटीआर आर्ट्स ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर देवरा का नया पोस्टर साझा किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, दुनिया में सबसे घातक हथियार को पकड़ने वाला हाथ है।

# कहीं आप भी तो खाली पेट चाय पीने की नहीं करते हैं भूल

## गैस, एसिडिटी से लेकर हो सकती है ब्लोटिंग तक की समस्या

चाय का नाम सुनकर ही दिल और दिमाग में ताजगी भर जाती है। देखा जाए तो केवल इंडिया ही नहीं चाय के दीवाने पूरी दुनिया में मौजूद हैं। चाय शरीर को ताजा और एक्टिव रखने के साथ साथ एनर्जी देती है लेकिन चाय को अगर खाली पेट पिया जाए तो ये सेहत को नुकसान भी पहुंचा सकती है। आपने भी कई बार लोगों को कहते सुना होगा कि चाय के साथ कुछ खा लिया करो। दरअसल खाली पेट चाय पीना सेहत के लिए सही नहीं है। चलिए जानते हैं कि खाली पेट चाय पीने से शरीर को किस तरह का नुकसान होता है और चाय पीने का सही समय क्या है।

### खाली पेट चाय पीने के नुकसान

दरअसल चाय के बारे में कहा जाता है कि स्वभाव से चाय का नेचर एसिडिक होता है। अगर आप खाली पेट चाय पिएंगे तो आपके शरीर के भीतर एसिडिक प्रोसेस पर बुरा असर होगा और आपके पेट में एसिडिटी शुरु हो जाएगी। खाली पेट चाय पीने के बाद खट्टी डकार, गले में जलन, गैस की दिक्कत हो सकती है। इतना ही नहीं, चाय में पाया जाने वाला थियोफिलाइन मुंह के बैक्टीरिया के साथ कोलाइड करता है और मुंह के अंदर एसिड ज्यादा हो जाता है। सुबह खाली पेट चाय पीने से शरीर में पानी की कमी हो सकती है। दरअसल चाय पीने के बाद बार बार यूरिन आता है, ऐसे में शरीर में पानी की कमी हो सकती है और कई बार तो जुबान तक सूख जाती है। सुबह खाली पेट चाय पीने से आपके शरीर का मेटाबॉलिज्म बिगड़ सकता है। इससे पाचन तंत्र पर बुरा असर पड़ता है। खाली पेट चाय पीने से पेट में जलन होने के साथ साथ तुरंत ब्लोटिंग की दिक्कत होने लगती है।

### कब और कैसे पिएं चाय

अगर आपको चाय पीनी है तो सुबह इसे खाली पेट पीने की बजाय इसके साथ कुछ जरूर खाइए। इसके अलावा बिस्तर से उठने के तुरंत बाद चाय पीने के बजाय उठने के एक या दो घंटे बाद चाय पीना सही रहता है। जब भी चाय पीने का मन करे तो चाय पीने से पहले एक से दो गिलास पानी जरूर पीजिए। इससे आपके शरीर में पानी की कमी का रिस्क कम हो जाएगा।



# संजना को धक धक का प्रचार न करने का मलाल, कहा- लोगों को प्रभावित करती फिल्म

**अभिनेत्री संजना संघी हाल ही में फिल्म धक धक में नजर आई थीं, जिसे समीक्षकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली पर यह दर्शकों को लुभाने में नाकाम रही।तरुण दुडेजा के निर्देशन में बनी यह एक एडवेंचर ड्रामा फिल्म है, जिसमें संजना के साथ फातिमा सना शेख, दीया मिर्जा और रत्ना पाठक 4 बाइकर के किरदार में नजर आई हैं। अब संजना ने फिल्म के लिए अपनी तैयारी से लेकर इसके बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन और प्रचार को लेकर बात की।**

संजना ने बताया कि फिल्म की रिलीज से एक हफ्ते पहले तक इसका प्रचार न कर पाने की उन्हें काफी चिंता थी, लेकिन उन्होंने इंडस्ट्री के लिए स्क्रीनिंग का आयोजन किया। शबाना आजमी, विद्या बालन, अली फजल, नसीरुद्दीन शाह सहित कई सितारों ने उनकी फिल्म देखी, जिनकी राय उनके लिए बहुत मायने रखती थी। अभिनेत्री कहती हैं कि इसके अलावा समीक्षा और दर्शकों की राय से भी उन्हें कोई शिकायत नहीं है।

इस दौरान जब संजना से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि फिल्म को बड़े पैमाने पर रिलीज करना चाहिए था और इसका प्रचार भी ऐसा होना था तो उन्होंने हामी भरी। संजना कहती हैं कि धक-धक जैसी फिल्म बनाने के लिए मेहनत लगती है। उन्होंने फिल्म को अपना दिल और आत्मा दी थी। उनका कहना है कि जब वे इसका प्रचार नहीं कर पाए तो उन्हें बुरा लगा क्योंकि उनका मानना था कि यह लोगों को प्रभावित करेगी।

इस दौरान संजना ने फिल्म के लिए बाइक चलाने का अपना अनुभव भी साझा किया, जिसके लिए उन्होंने काफी तैयारी की थी। उन्होंने कहा, बाइक चलाने मेरे लिए एकदम नया था, जिसे मुझे सीखना था। फिल्म में सभी सीन को हमने खुद ही शूट किया था। अभिनेत्री कहती हैं कि शूटिंग के दौरान हिमालय पर 250 किलो वजनी रॉयल एनफील्ड की सवारी करना कोई मजाक नहीं है। इसके लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, लेकिन यह सब शानदार था।

धक धक का निर्माण वायकॉम 18 और तापसी पन्नू की आउटसाइडर्स फिल्म्स से सहयोग से हुआ है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी तो यह एक हफ्ते में 80 लाख रुपये ही कमा पाई और सिनेमाघरों से इसका पत्ता साफ हो गया।

धक धक का ट्रेलर फिल्म की रिलीज (13 अक्टूबर) से 3 दिन पहले ही रिलीज हुआ। ऐसे में लोगों का इसकी रिलीज को लेकर भ्रमित होना लाजमी थी, जिसके बारे में संजना जानती थीं। संजना बताती हैं कि इसका निर्णय सितारे नहीं बल्कि मार्केटिंग वाले लेते हैं, लेकिन वह इस बात से खुश हैं कि उनकी फिल्म की स्क्रीन की संख्या को दोगुना और शहरों की संख्या को तीन गुना किया गया। अच्छा कंटेंट लोगों को पसंद आया। संजना ने 13 साल की उम्र में बतौर बाल कलाकार रणबीर कपूर की फिल्म रॉकस्टार से शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने हिंदी मीडियम और फुकरे रिटर्न्स में कैमियो किया। 2020 में आई दिल बेचारा बतौर मुख्य अभिनेत्री उनकी पहली फिल्म थी।



# राणा दग्गुबाती की कीड़ा कोला का मजेदार ट्रेलर रिलीज




तेलुगु एक्टर राणा दग्गुबाती के लेटेस्ट प्रोडक्शन कीड़ा कोला ने अपना ट्रेलर जारी कर दिया है। यह एक रोलर कोस्टर राइड की तरह है। थारुन भास्कर दास्यामि द्वारा लिखित और निर्देशित, ट्रेलर में कॉमेडी, क्राइम-थ्रिलर और ड्रामा एलिमेंट्स का मिश्रण है।

फिल्म के निर्माता राणा दग्गुबाती ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ट्रेलर का अनावरण किया, जिसके बाद फिल्म का ट्रेलर यूट्यूब पर भी जारी किया गया। कहानी कई अलग-अलग पात्रों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने अत्यधिक मतभेदों के बावजूद, किसी तरह एक जर्नी में एक साथ बंधे हैं, जो आंशिक रूप से उन्हें ड्रामा साइकल में जोड़ता है। ट्रेलर में एक कॉर्पोरेटर ठग जीवन का किरदार दिखाया गया है, जिसे एक अन्य कॉर्पोरेटर ठग द्वारा अपमानित किया जाता है। गुस्से से तमतमाते हुए, वह जेल से बाहर आकर अपना बदला लेता है।

दूसरी ओर, कुछ लोग कोका-कोला की बोतल में कॉकरोच भरकर आसानी से पैसा कमाने की कोशिश करते हैं। इस बेतुके तरीके के पीछे का क्या कारण है, यह अभी अज्ञात है, लेकिन ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में आत्म-जागरूकता का स्तर बहुत मजबूत है। ऐसा लगता है कि निर्देशक थारुन भास्कर दास्यामि, जिन्होंने फिल्म भी लिखी है, ने जानबूझकर ऐसा किया है। ट्रेलर में बड़े पैमाने पर हास्य का प्रभाव है।

फिल्म में ब्रह्मानंदम, चैतन्य राव, राग मयूर, विष्णु ओई, रघु राम, जीवन कुमार और थारुन भास्के प्रमुख भूमिकाओं में हैं और यह 3 नवंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# केट शर्मा ने बैकलेस ड्रेस पहन पार की सारी हदें, बोल्ड फोटोज देख फैंस को लगा 440 वोल्ट का झटका!



टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा आए दिन अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर अपना होश खो बैठते हैं। हाल ही में केट शर्मा ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर लोगों का दिल मचल दिया है। एक्ट्रेस केट शर्मा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। उनका स्टाइलिश फैशन सेंस अक्सर लोगों क बीच ट्रेंड करता है। हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में ब्लैक कलर की बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी स्टनिंग और हॉट लग रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस आए दिन अपने बोल्ड लुक्स से फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। केट शर्मा जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट में अपलोड करती हैं तो अक्सर इंटरनेट का पारा हाई हो जाता है। एक्ट्रेस केट शर्मा बखूबी जानती है कि उन्हें कैसे फैंस का दिल जीतना है। हालांकि वो अपने लुक्स से अक्सर फैंस का दिल मचल देती हैं। अभिनेत्री ने इस फोटोशूट के दौरान अपनी परफेक्ट टोंड बॉडी फ्लॉन्ट करते हुए एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दिए हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते है केट शर्मा ने खुले ओपन हेयर और न्यूड मेकअप करवा के अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बताते चलें कि केट शर्मा आए दिन अपने बोल्ड फिगर से फैंस के बीच कहर ढाती रहती हैं। हालांकि उनके स्टाइलिश लुक से लोगों की नजरें हटना भी मुश्किल हो जाता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

### महिलाओं और बच्चों के विकास और कल्याण के लिए अनुकरणीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया

# संकल्प एक प्रयास सोसाइटी को मिला ग्लोबल बिजनेस एंड एजुकेशन अवार्ड्स

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एनएसपीसीएल कर्मियों की पहल पर संचालित सामाजिक संस्थान ''संकल्प एक प्रयास सोसाइटी'' को देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में ग्लोबल बिजनेस एंड एजुकेशन अवार्ड्स 2023 से सम्मानित किया गया है। संस्था की ओर से सीए रिनु वी. कोशी ने यह अवार्ड प्राप्त किया। पूरक शिक्षा में नवाचार, किशोर लड़कियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता शिक्षा का विस्तार करने और छत्तीसगढ़ के दूरदराज के गांवों में स्वास्थ्य देखभाल गतिविधियों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान तथा महिलाओं और बच्चों के विकास और कल्याण के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।




देश के पूर्व संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री अल्फोंस कन्ननथनम, पूर्व रक्षा सचिव और छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त, पूर्व क्रिकेटर और विश्व कप विजेता सदस्य मदन लाल ने भारत में रवांडा गणराज्य की उच्चायुक्त, जैकलीन मुकांगिरा, लैटिन अमेरिकी कैरेबियन व्यापार परिषद के व्यापार आयुक्त, डॉ. सेनोरिटा इसाक की उपस्थिति में संकल्प एक प्रयास सोसायटी को यह सम्मान प्रदान किया गया।

इस ग्लोबल एजुकेशन अवार्ड्स 2023 समारोह में व्यवसाय और शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों के 200 से अधिक विशेषज्ञों ने भाग लिया और शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में समान विचारधारा वाले साथियों और प्रमुख लोगों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि संकल्प एक प्रयास सोसाइटी, एनएसपीसीएल भिलाई द्वारा प्रबंधित और समर्थित और एनएसपीसीएल के ''एम्पलाई वाइस'' के तहत गठित एक गैर सरकारी संगठन है। वर्ष 2008 से छत्तीसगढ़ राज्य में दूरदराज के भौगोलिक क्षेत्रों में वंचित बच्चों की शिक्षा और समग्र बचपन के विकास के लिए काम कर रहा है। सीए रिनू वी. कोशी ने इस मौके पर कहा कि वैश्विक शिक्षा पुरस्कार समारोह समुदाय की सेवा करने के हमारे प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने और मंच साझा करने का एक सराहनीय प्रयास है। संकल्प एक प्रयास में हम इसी ऊर्जा के साथ देश को पूर्ण शिक्षित बनाने की अपनी अथक प्रतिबद्धता की यात्रा पर आगे बढ़ने का प्रयास करते रहेंगे।

इस कार्यक्रम पर अपने विचार साझा करने वाले अन्य लोगों में रक्षा विशेषज्ञ मेजर जनरल संजय सोई, लेफ्टिनेंट कर्नल रोहित मिश्रा, संस्थापक-मिशन फाइट बैक; शिल्पी अरोड़ा, राष्ट्रीय प्रवक्ता-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस; डॉ. आसिफ इकबाल, अध्यक्ष-भारतीय आर्थिक व्यापार संगठन और अन्य प्रतिष्ठित पैनलिस्ट और शिक्षाविदों और शिक्षा में विशेषज्ञ शामिल हैं।

संकल्प मंडल के अध्यक्ष कौशल किशोर, उपाध्यक्ष अब्दुल वसीम, महासचिव परिमल सिन्हा, कोषाध्यक्ष सी.ए. रिनू वी. कोशी ने इस मान्यता और पुरस्कार के लिए सभी लाभार्थियों, स्वयंसेवकों, समन्वयकों और अन्य हितधारकों के प्रति आभार जताया है।

### दुर्गानवमी पर भंडारा का भी हुआ आयोजन

# धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव रामलीला के साथ हुआ अहंकारी रावण का दहन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति गया नगर द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि पर 9दिन मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना कर पूजन किया गया तथा दसवे दिन विजयदशमी पर्व पर रामलीला के मंचन के साथ दशानन रावण का दहन किया गया। इसके एक दिन पूर्व दुर्गा नवमी पर भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने जमीन पर बैठकर भंडारे का महाप्रसादी भोजन ग्रहण किया। दशहरा उत्सव के तहत आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में नगर निगम के पूर्व सभापति दिनेश देवांगन प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अध्यक्षता वार्ड पार्षद लीना देवांगन ने किया। जिन्होंने सर्व प्रथम रामलीला में राम लक्ष्मण हनुमान अंगद तथा रावण कुंभकरण मेघनाथ की भूमिका निभा रहे पात्रों का आरती व पूजन कर कार्यक्रम की शुरवात किया। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम स्थल पर रावण दहन हेतु का 50 फीट ऊंची लंकेश्वर का पुतला स्थापित किया गया था जिसमें वार्ड के नाटक कलाकारों ने रामायण पर आधारित चौपाई व दोहों के माध्यम से अपने अपने भूमिकाओं सराहनीय मंचन किया तत्पश्चात भारी संख्या में उपस्थित नागरिकों के बीच रावण के पुतले को रामचंद्र जी द्वारा छोड़े तीर के माध्यम से जलाकर अहंकार रूपी रावण के पुतले को जलाकर राम नाम का जयघोष किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए निगम के पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने कहा की प्रभु राम हमारे आदर्श है और अहंकारी रावण हमारी अहम का प्रतिबिंब हजारों वर्ष पहले हुए रामायण की इस घटना का सार मनुष्य को उनके जीवन का नैतिक व आध्यामिक मार्ग का बोध कराना है इस लिए प्रतिवर्ष विजयादशमी पर रावण दहन होना व रामलीला का मंचन कराना केवल एक आयोजन या उत्सव ही नही है बल्कि यह लाखो करोड़ो वर्ष पुराने हमारे सनातन संस्कृति को भी जीवंत रखने का माध्यम है और गया नगर में दुर्गोत्सव समिति का यह आयोजन भी हिंदू धर्म के प्रति आस्था व प्रभु राम के प्रति मानवीय जीवन की कर्तव्यों का बोध कराना है। इसके लिए सभी पदाधिकारी का प्रयास सराहनीय है।

दशहरा उत्सव में भाग लेने वालो में प्रमुख रूप से समिति के रोहित जंघेल,चंद्रशेखर सैलाब,रामसजीवन शर्मा, उत्तम साहू, जीतू चंद्राकर सनकी राजपूत,सोनू राजपूत,केदार ठाकुर,सन्नी शर्मा,सूरज तिवारी भरत ठाकुर, लक्ष्मी साहू,महेश साहू, विजय साहू, साजन साहू, मोहन सपहा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## खास खबर

### मतदाता जागरुकता के लिए मीडिया संस्थान होंगे राष्ट्रीय मीडिया सम्मान-2023 से सम्मानित

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग मतदाता जागरुकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मीडिया संस्थानों का चयन कर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय मीडिया सम्मान प्रदान करता है। राष्ट्रीय मीडिया सम्मान वर्ष 2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मीडिया संस्थानों से 10 दिसंबर 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी पत्र में बताया गया है कि मीडिया संस्थान अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार हेतु आवेदन कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मीडिया सम्मान-2023 हेतु मीडिया संस्थानों से चार श्रेणियों प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाईन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया में पुरस्कार हेतु नामांकन आमंत्रित किया गया है। पुरस्कार पाने हेतु इच्छुक मीडिया संस्थान अपना आवेदन राजेश कुमार सिंह, अवर सचिव (संचार), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोका रोड, नई दिल्ली 110001 को उक्त समयावधि में प्रेषित कर सकते है। अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदन तथा अनुशंसाओं को आयोग द्वारा गठित निर्णायक मण्डल के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित संस्थानों को 25 जनवरी 2024 राष्ट्रीय मतदाता दिवस में सम्मानित किया जाएगा।

### निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को तीन बार कराना होगा व्यय लेखा रजिस्टर निरीक्षण

**राजनांदगांव।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे द्वारा लगातार अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन व्यय के संबंध में जानकारी दी जा रही है और जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में व्यय प्रेक्षक मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव एवं जनपद पंचायत भवन डोंगरगढ़ में विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव एवं विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ से निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों तथा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों को व्यय लेखा रजिस्टर के संबंध में जानकारी दी गई। व्यय प्रेक्षक ने बताया कि निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा रजिस्टर का तीन बार निरीक्षण किया जाएगा। निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थी को संधारित व्यय लेखा रजिस्टर, समस्त व्हाऊचर, बैंक पासबुक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित स्वयं या अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर निरीक्षण कराना होगा। निर्वाचन नियमों के तहत प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन दाखिल करते समय रिटर्निंग अधिकारी द्वारा दिए गए व्यय रजिस्टर (अनुलग्नक-ड़1) में निर्वाचन व्यय का दैनिक लेखा बनाने एवं प्रचार अवधि के दौरान कम से कम तीन बार निर्वाचन व्यय प्रेक्षक के समक्ष निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

# हजारों की संख्या में कन्या माताओ की निकाली भव्य शोभायात्रा एवं कराया गया कन्याभोज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी दुर्ग के सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर समिति द्वारा क्वांर नवरात्र पर्व के अवसर पर महाकन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों की संख्या में कन्यामाताओ को एक साथ, एक समय एवं एक स्थान में बैठाकर कन्या भोज कराया गया। कन्याभोज में 2100 से ज्यादा आए हुए 1 वर्ष से लेकर 12 वर्ष तक की कन्यामाताओ को कन्याभोज कराया गया। समिति के सदस्य योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर में इस वर्ष क्वांर नवरात्र पर्व के अवसर पर आज क्वांर नवरात्र पर्व के समापन कार्यक्रम में पुरे प्रदेश का सबसे बड़ा एवं ऐतिहासिक कन्याभोज का आयोजन किया गया।

कन्याभोज में सबसे पहले सभी कन्यामाताओ दुर्गाधाम पुरानी गंजमण्डी, गंजपारा, दुर्ग में 2100 से ज्यादा कन्यामाताओ को अलग अलग वार्डो से एकात्रित किया गया, जहां समिति की महिला सदस्यों ने सभी कन्यामाताओ को पैर में माहुर (अलाता) लगया गया, एवं सभी को माता का श्रृंगार करके चुनरी उढ़ाकर भव्य शोभायात्रा निकाल के कन्यामाताओ को गंजपारा करते हुए दुर्गा मन्दिर लागा गया जहां पर सभी कन्यामाताओ को एक साथ बैठाकर कन्याभोज कराया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश का यह सबसे बड़ा एवं ऐतिहासिक कन्याभोज रहा जिसमें 2100 से ज्यादा कन्यामाताओ ने एक साथ कन्याभोज किया।



कन्यामाताओ की शोभायात्रा में पूरे गंजपारा वासी अपने अपने घरों के ऊपर से कन्या माताओं के ऊपर फूल की वर्षा किये एवं रोड को ठंडा करने के लिए पूरे शोभायात्रा मार्ग में पानी का छिड़काव किये पूरे गंजपारा वासी, कन्याभोज में शोभायात्रा, एवं कन्याभोज में सेवा दिए। कन्याभोज में शहर के बहुत वार्डों से अलग अलग टोली बनाकर राजकुमार वर्मा, कन्या ढीमर, श्रद्धा सोनी, मीणा मानिकपुरी, दिनेश साहू, कुलेश्वर साहू, शकुन ढीमर,, गुलाब वर्मा, एवं कुछ पार्षद, पूर्व पार्षदों के साथ कन्या भोज में कन्यामाताओ को लाया गया।

दुर्गाधाम पुरानी गंजमण्डी में गंजपारा दुर्गाउत्सव समित्ति द्वारा पण्डाल लगाकर कन्यामाताओ को बैठाया गया, एवं सभी कन्यामाताओ के लिए पानी, बिस्किट एवं फ्ल का वितरण किया गया। कन्या माताओं की शोभायात्रा के पश्चात सभी कन्या माताओं को भोजन कराया गया भोज पश्चात सभी कन्या माताओं को भेंट स्वरूप गिफ्ट का वितरण किए है। चावल, दाल, पूड़ी, सब्जी, हलवा, सेव एवं बूंदी का वितरण क्या है।

# निर्वाचन कार्य के लिए मतदान दल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुन्द।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त मतदान दल क्रमांक 2 और 3 को आज वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रशिक्षण दिया गया। महासमुंद सहित चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त कुल 1846 मतदान दल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें महासमुंद विधानसभा क्षेत्र-42 में दो पालियों में कुल 688 इनमें प्रथम पाली में 350 और द्वितीय पाली में 338 मतदान दल अधिकारियों का प्रशिक्षण हुआ। इसी प्रकार खल्लारी विधानसभा क्षेत्र-41 में 437, बसना विधानसभा क्षेत्र-40 में 372 एवं सरायपाली विधानसभा क्षेत्र-39 में 349 मतदान दल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। गुरुवार को पिथौरा में 457 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स ने अधिकारियों को निर्वाचन कार्य के दौरान उनके दायित्वों, तकनीकी जानकारी के साथ बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों को ई.व्ही.एम. से मतदान कराने की विधिवत प्रक्रिया, मशीन के सिलिंग करने, वोटिंग करने एवं वोटिंग के पश्चात् मशीन के सिलिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही सभी निर्देशों और बारीकियों को भली-भांति समझ कर प्रयोग के तौर पर मशीन का संचालन, वोटिंग करने के तरीके से रू-ब-रू होने कहा गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन प्रशिक्षण प्रभारी एन.के. सिन्हा एवं मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने किया और आवश्यक निर्देश दिए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण के दौरान बैलेट यूनिट को वीवीपैट से कनेक्ट और वीवीपैट को कंट्रोल यूनिट से कनेक्ट करने की प्रक्रिया बताई गई है। साथ ही वीवीपैट के पेपर रोल, कंपार्टमेंट, बैलेट स्लीप कंपार्टमेंट, पावर पैक कंपार्टमेंट और कंटेनर कंपार्टमेंट के संबंध में अवगत कराया गया। मॉक पोल शुरू करने के पहले पावर स्विच ऑन करना और मॉक पोल के बाद पॉवर स्विच ऑफ करने के साथ ही निर्धारित समय पर मॉक पोल की प्रक्रिया सावधानीपूर्वक पूर्ण करने की सलाह दिए। इस दौरान मशीन सिलिंग, एड्रेस ट्रैक, एजेंट का हस्ताक्षर, पीठासीन अधिकारी का घोषणा पत्र के साथ निर्वाचन कार्य में बरती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा ई.व्ही.एम.-वीवीपैट के संबंध में अधिकारी-कर्मचारियों की शंकाओं का भी समाधान किया गया।

# व्यापारियों को नगर निगम ने शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर 17 नवंबर को मतदान होना है। शत-प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेंद्र मीणा के आदेश और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर दुर्ग नगर निगम द्वारा इंदिरा मार्केट क्षेत्र के व्यापारियो को मोर वोट मोर अधिकार के तहत संकल्प दिलाए जा रहे हैं। इसे लेकर मुहिम चलाई जा रही है।इस बीच बुधवार को बाजार क्षेत्र के इंदिरा मार्केट कुआँ चौक के पास व्यापारियो को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया गया।दुर्ग नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारियो ने आगामी




विधानसभा चुनाव में बिना किसी जाति, धर्म,भाषा के भय, लोभ में आए मतदान करने संकल्प दिलाया। अपने मताधिकार का, आइए लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सा बनें, 100त्न मतदान कर शहर दुर्ग का नाम रौशन करें,कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान करने का संकल्प लिया, वहीं चिर परिचितों व मित्रों तथा पड़ोसियों को प्रेरित करने का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में सहायक राजस्व निरीक्षक ईश्वर वर्मा, इंदिरा मार्केट अध्यक्ष अनिल बल्लेवार,बहादुर अली,दिलीप बाकलीवाल,दिलीप मारोती,सुरेंद्र चावला, गोविंद्र आहूजा,ईश्वर लोहानी,संजय मोहबानी, रितेश अग्रवाल,अमित पांडेय,अजय गजवानी, राकेश मेहता,राजेश अग्रवाल,संजय अग्रवाल, राजेंश मोदी आदि मौजूद रहे।

# सड़क पर घूमने वाले मवेशियों की धरपकड़ जारी

### रोका छेका अभियान के तहत निगम टीम कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों से घूमंतु मवेशियों को निगम की टीम अभियान चलाकर पकड़ रही है। इसी दौरान स्मृतिनगर में एक गाय को अज्ञात वाहन द्वारा चोटिल किए जाने की सूचना निगम टीम को प्राप्त हुई और निगम की टीम मौके पर पहुंचकर चोटिल गाय को मशक्कत के बाद काउ कैचर के माध्यम से श्रीकृष्ण गौशाला जीव रक्षा केन्द्र छातागढ़ में ले जाकर छोड़ा गया जहां गाय का ईलाज किया जा रहा है।



आपको बता दे कि निगम ने सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त होने वाले पशुधन के लिए शहरी गोठान में पशु चिकित्सालय केन्द्र खोले जाने की स्वीकृति निगम द्वारा प्रदान कि गई है जिसके खुल जाने से दुर्घटना में घायल मवेशियों को गोठान में भी पर्याप्त ईलाज हो पाएगा।

निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर चलाए जा रहे शासन की योजना रोका छेका संकल्प अभियान अंतर्गत निगम भिलाई का दस्ता साक्षरता चौक, जवाहर मार्केट सब्जी मंडी, रामनगर, वैशालीनगर में पशुओं के सड़क पर बैठे होने की शिकायत सूचना पर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घूमंतू मवेशियों को पकड़ा गया।

इसी प्रकार निगम की टीम बीते दो दिन में कोहका, सूर्या मॉल रोड, कोसा नगर, जीई रोड, सेक्टर एरिया, केम्प क्षेत्र सहित संपूर्ण निगम क्षेत्र में रोका छेका दल के कर्मचारी काउ-कैचर के साथ घूम घूम कर 46 घूमंतु मवेशियों को पकड़कर शहरी गौठान में रखा गया है, जहां पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा पानी एवं रहने के लिए शेड की व्यवस्था है।

### सहायक प्रबंधक एवं कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग की भर्ती परीक्षा

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 29 अक्टूबर दिन प्रथम पाली में प्रातः 10 से 12.15 बजे तक सहायक प्रबंधक (फील्ड ऑफिसर) कार्यालय सहायक, सामान्य सहायक, समिति प्रबंधक (नवीन सवर्ग) एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2 से सायं 4.15 बजे तक कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग , उप प्रबंधक और सहायक प्रबंधक की भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा में जिला अंतर्गत प्रथम पाली में लगभग 3646 एवं द्वितीय पाली में 495 परीक्षार्थी, इस तरह जिले के कुल 4141 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार भर्ती परीक्षा के लिए जिले में 11 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# एसपी गर्ग के ने किया पुलिस कमांड एंड कंट्रोल सेंटर निरीक्षण, कार्यों की समीक्षा कर दिए जरूरी निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा बुधवार को पुलिस कमांड एंड कंट्रोल सेंटर सेक्टर 6 भिलाई का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान कंट्रोल सेंटर में होने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी लेकर, वहां उपस्थित बल से उनके कार्यों जानकारी ली। साथ ही सी4 रायपुर से प्राप्त डॉयल 112 के प्रत्येक सूचनाओं को इआरवी को भेजने तथा इवेंट की कंप्लायंस रिपोर्ट व रिस्पॉन्स टाइम एवम अब तक मिली शिकायतों पर हुई कार्रवाई के बारे जानकारी ली और कर्मचारियों को इसे ओर भी बेहतर बनाने के निर्देश दिए।



जिले में होने वाली घटना एवम सुरक्षा व्यवस्था व ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए शुरू की गई योजना इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के नए रुम का अवलोकन भी किया गया। जिसमे चौक चौराहों ने लगे कैमरे और उसके मॉनिटरिंग सिस्टम के कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए गए। टेलीफोन ऑपरेटर, वायरलेस सेट ऑपरेटर को आगमी विधानसभा चुनाव संबंधी आवश्यक दिशा निर्देशों के पालन करने एवम वीआईपी/वीवीआईपी ड्यूटी, कानून व्यवस्था में मुस्तैदी एवम सजक रहकर किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा अब तक जिले के थाना जिसमे मोहन नगर, सुपेला, छावनी, खुर्सीपार, पुरानी भिलाई, कुम्हारी, भिलाई नगर, उतई, जामगांव आर, रानीतराई, पाटन, पदमनाभपुर, पुलगांव, दुर्ग, रक्षित केंद्र दुर्ग, का निरीक्षण किया जा चुका है, निरीक्षण में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव ड्यूटी को लगन और मेहनत से शांतिपूर्व संपन्न कराने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देशों के पालन करने हेतु बताया जा रहा है। उपरोक्त औचक निरीक्षण में मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्लू मीता पवार, प्रभारी कंट्रोल रूम मीना महिलकर, प्रभारी सीसीटीएनएस डॉ संकल्प राय सहित कंट्रोल रूम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## दुर्ग एसपी एसपी गर्ग ने की पैदल पेट्रोलिंग, त्योहार व चुनाव को देखते हुए किया शहर का दौरा

**दुर्ग।** जिले के एसपी राम गोपाल गर्ग ने बुधवार को शहर के अलग अलग बाजारों में पैदल पेट्रोलिंग की। आगमी त्योहारी सीजन व चुनाव को देखते हुए शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। एसपी गर्ग ने गंजपारा से चंडी मन्दिर, तमेर पारा, मोती कॉम्प्लेक्स, पुराना बस स्टैंड, पटेल चौक मार्ग में लगभग 5 किमी की पैदल पेट्रोलिंग की। इस दौरान उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, डीएसपी यातायात सतीश ठाकुर सहित अन्य अफसर व 20 से अधिक जवान भी शामिल रहे।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि शाम के समय निश्चित रूप से पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाएं। आगमी त्योहारी सीजन को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए, ताकि अराजक तत्वों पर शिकंजा कसा जा सके, भीड़भाड़ वाली जगहों पर संदिग्धों को रोक कड़ी पूछताछ करने एवम दुकानदारों से आह्वान किया कि अपने आसपास किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए शहर, बाजार में पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है। शहर की सुरक्षा व्यवस्था और भी चाक-चौबंद बनाने के लिए आम जनता से अपील की गई हैं कि प्रमुख स्थानों पर सीसी कैमरे लगाए, जिससे अपराध होने पर जरूरी मदद मिल सके।

## खास-खबर



### 310 लीटर महुआ शराब व 5100 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त

**महासमुन्द (ए)।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल के मार्गदर्शन में अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में मंगलवार को कच्ची शराब के अवैध बिक्री की शिकायतों के मद्देनज़र आबकारी स्टाफ सरायपाली मण्डल और एसडीओपी सरायपाली स्टाफ द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई।

आबकारी वृत्त-सरायपाली अंतर्गत ग्राम-नूनपानी, थाना-सरायपाली निवासी दाऊ लाल सिदार उम्र-40 वर्ष के कब्जे से 75 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा और लगभग 1000 किलोग्राम महुआ, कमला साहू उम्र-35 वर्ष के कब्जे से 105 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा और लगभग 2150 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम लिमाऊगूड़ा, थाना-सरायपाली में 46 वर्षीय भोला चौहान से 90 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा और लगभग 1550 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 48 वर्षीय रतन चौहान से 40 लीटर हाथ भट्ठी महुआ मदिरा और 400 किलो ग्राम लाहन जप्त किया गया। इस प्रकार उक्त आरोपियों से कुल 310 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ मदिरा और 5100 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त कर उक्त चारो आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) (च), 34(2), 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर आजमानती होने पर न्यायालय से रिमांड प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया है।

### किशोरी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** सकरी क्षेत्र में रहने वाली 17 साल की किशोरी को शादी का झांसा का देकर युवक अपने साथ भगा ले गया। उसने किशोरी के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। किशोरी के स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्र में रहने वाली किशोरी गायब हो गई थी। स्वजन ने इसकी शिकायत थाने में की। इस पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश कर रही थी। इसी बीच किशोरी को लेकर स्वजन थाने पहुंचे। थाने में पूछताछ के दौरान किशोरी ने बताया कि बेलतरा के बजरंग चौक में रहने वाला विकास कश्यप उर्फराजा कश्यप (22) उसे शादी का झांसा देकर जमनापाली भगाकर ले गया था।

## फिर एक एटीएम में सेंधमारी, मशीन में तोड़फोड़ कर चोरी का प्रयास, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के एटीएम सुरक्षित नहीं है। लगातार एटीएम में सेंधमारी का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में गौरव पथ पर ओम शांति चौक के पास स्थित एसबीआई के एटीएम में सेंधमारी का प्रयास किया गया। 24 व 25 अक्टूबर की दरमियानी रात को एटीएम में सेंधमारी हुई। अज्ञात बदमाश ने एटीएम में घुसकर एसजी लॉक तोड़ दिया लेकिन रुपए नहीं निकाल पाया। घटना की शिकायत के बाद छावनी पुलिस ने मामले अज्ञात के खिलाफ 380-आईपीसी, 457-आईपीसी, 511-आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के अनुसार इस मामने में 36/37 मानसरोवर कालोनी पदुम नगर भिलाई 3 निवासी उत्तम कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह टीएसआई में सर्विस सुपरवाइजर के पद पर हैं। 25 अक्टूबर की सुबह 10 बजे रायपुर ऑफिस से उन्हें फोन कर बताया गया कि ऊं शांति चौक, गौरव पथ रोड मदर टेरेसा नगर केम्प 1 के एसबीआई एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी का प्रयास किया गया है। सूचना के बाद मौके पर जाकर देखने पर पता चला कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा एसबीआई एटीएम में चोरी करने के उद्देश्य से घुसकर एटीएम मशीन का शटर, एसजी लाक आदि तोड़ दिया। रुपए चोरी नहीं हुए लेकिन तोड़फोड़ के कारण 40 से 50 हजार रुपए तक का नुकसान हुआ है। शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर अज्ञात बदमाश की तलाश शुरू कर दी है।

## पहले मॉल के बाहर से स्कूटी किया पार, फिर चेन स्नैचिंग की वारदात को दिया अंजाम, तीन गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** चेन स्नैचिंग सहित वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक अंतरराज्यीय सहित तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने पहले दोपहिया वाहन की चोरी की। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया। आरोपित अंकित सोनी उर्फ मिक्की और प्रदीप मलिक उर्फ राहुल ने चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया था। वहीं आरोपी प्रदीप ने सैय्यद आरिफ अली उर्फ आशु के साथ मिलकर दोपहिया चोरी की थी। पुलिस ने चेन और चोरी की गाड़ी जब्त की है। प्रदीप मलिक उर्फराहुल आपराधिक प्रवृत्ति का है, जो पूर्व में भी मोबाइल लूट और चोरी के आधा दर्जन प्रकरणों में थाना गंज, सरस्वती नगर, आजाद चौक, कोतवाली और न्यू राजेंद्र नगर से जेल जा चुका है।



### कलर्स मॉल के बाहर से पार किया एक्टिवा

टीम के सदस्यों द्वारा अज्ञात आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त वाहन के संबंध में भी पतासाजी कर अज्ञात आरोपियों को चिह्नांकित करने के प्रयास किए जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त सुंदर नगर डीडी नगर निवासी अंकित सोनी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा अंकित की पतासाजी कर पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की। उसने अपने साथी प्रदीप मलिक उर्फराहुल के साथ मिलकर लूट की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। पूछताछ में आरोपी प्रदीप मलिक उर्फ राहुल ने बताया कि घटना में प्रयुक्त एक्टिवा को वह अपने दूसरे साथी सैय्यद आसिफअली उर्फ आशु के साथ मिलकर 13 अक्टूबर को ही थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत पचपेड़ी नाका के पास स्थित कलर्स मॉल के बाहर से चोरी किया था। इसके बाद उसी से चेन स्नैचिंग की वारदात की।

प्रार्थिया रेणु वैष्णव ने थाना पुरानी बस्ती में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कुशालपुर पुरानी बस्ती स्थित यादवपारा इंद्रा चौक के पास रहती है। 13 अक्टूबर को वह अपने एक्टिवा वाहन में अपनी पुत्री के साथ घर से जयस्तंभ चौक जा रही थी। शाम लगभग पांच बजे कुशालपुर दंतेश्वरी मंदिर के पास एक्टिवा वाहन का पेट्रोल खत्म होने से प्रार्थिया और उसकी पुत्री दोनों पैदल जा रहे थे कि विपरीत दिशा से पंकज गार्डन की ओर से आ रहे सफेद एक्टिवा वाहन में सवार दो अज्ञात व्यक्ति जो स्कार्फ से मुंह बांधे हुए थे। इसमें से पीछे बैठा एक व्यक्ति ने प्रार्थिया के गले में पहने सोने के चेन को लूट लिया और वहां से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट के बाद मामले की जांच शुरू की। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबिर भी लगाया गया।

## भिलाई -3 रेलवे स्टेशन पर लावारिस मिले तीन बैग से आरपीएफ ने जब्त किया 14 किलो गांजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रेलवे सुरक्षा बल भिलाई पोस्ट को बड़ी सफलता मिली है। भिलाई तीन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 पर आरपीएफ की टीम को सीड़ी के नीचे तीन बैग लावारिस हालत में मिले। आरपीएफ की टीम ने आसपास पूछताछ के बाद उक्त तीनों बैग जब्त किए। जब बैग खोलकर देखा तो आरपीएफ की टीम भी हैरान रह गई। दरअसल तीन बैग से आरपीएफ ने कुल 14 पैकेट बरामद किए जिसमें गांजा भरा हुआ था। बरामद गांजे का कुल वजन 14.222 किलोग्राम निकला। आरपीएफ मामला जीआरपी को सौंप दिया। जीआरपी ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा-20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



इसके बाद आरपीएफ पोस्ट प्रभारी के एसआई आरके राठौर के द्वारा पंचनामा के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासकीय रेल पुलिस थाना भिलाई 3 को सौंप दिया गया। जीआरपी ने उक्त मामले में धारा-20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में आरपीएफ पोस्ट भिलाई के टास्क टीम प्रभारी उपनिरीक्षक आरके राठौर, प्रधान आरक्षक सीमांत सिंह, आरक्षक सुखराम मीना, आरक्षक अजय राठौर व पोस्ट प्रभारी निरीक्षक पूर्णिमा राय बंजारे का सराहनीय योगदान रहा।

### जब्त गांजे की कीमत 2 लाख 80 हजार रुपए

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घटना 24 अक्टूबर की है। आरपीएफपोस्ट भिलाई की टीम द्वारा विधानसभा चुनाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ के सभी रेलवे स्टेशनों में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने लगातार जांच की जा रही है। इसी कड़ी में भिलाई 03 रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 पर लावारिस हालत में तीन बैग मिले। यह बैग पोल नंबर 852/09 के पास सीढी के नीचे दिखाई दिए। उक्त बैगों के संबंध में आसपास के यात्रीयों से पूछताछ करने पर कोई वारिस नहीं मिला। इसके बाद तीनों बैग जब्त किया गया। जब्त बैग में काले रंग का पीट्ठू बैग जिसमें एचपी लिखा हुआ था। एक लाल एवं काले रंग का पीट्ठू बैग रीबोक लिखा हुआ तथा एक कपडे का थैला चेन लगा हुआ मिला। तीनों बैग खोलने पर एक बैग से 6 पैकेट, दूसरे बैग से 4 पैकेट व कपडे चेन लगे बैग से 4 पैकेट कुल 14 पैकेट मिले। पैकेट खोलने पर उसमें गांजा भरा हुआ था। वजन कराने पर इसका कुल वजन 14.222 किलोग्राम निकला जिसे जब्त किया गया। जब्त गांजे की कीमत 2 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है।

## जोनल स्टेशन में गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** रेलवे सुरक्षा बल अपराध गुप्तचर शाखा मंडल, जोनल बिलासपुर व एस आइबी ने जोनल स्टेशन में दो आरोपितों को आठ किलो गांजा के साथ पकड़ा है। वह गांजा को ओडिशा से लाकर मध्य प्रदेश लेकर जा रहे थे। घटना मंगलवार रात 12.40 बजे की है। आपरेशन नारकोस के तहत प्री-इलेक्शन सीजर के क्रम में अपराध गुप्तचर शाखा डिटेक्टिव विंग, विशेष खुफिया शाखा व अपराध गुप्तचर शाखा की ओर से रेलवे स्टेशन में संयुक्त जांच हो रही थी।

वह प्लेटफॉर्म क्रमांक सात-आठ पर पहुंचे तो कटनी छोर दो लोग नजर आए। संदेह होने पर नजदीक पहुंचे और पूछताछ करने लगे। इस पर घबरा गए। नाम व पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम कैलाश दुबे निवासी ग्राम मधपुरा जिला पन्ना मध्य प्रदेश और कलुआ साहू सुनवानी कला बताया। इस दौरान बैग की तलाशी लेने पर कैलाश दुबे के बैग से पांच पैकेट और कलुआ साहू के बैग में तीन पैकेट गांजा बरामद हुआ। पूछताछ करने पर दोनों ने जानकारी दी कि गांजा को ओडिशा के बरगढ़ से लेकर आए हैं।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# व्यापारियों का संकल्प: पहले मतदान फिर दुकान, भिलाई चेंबर की पहल पर लिया 100 फीसदी मतदान का संकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स एवं इंडस्ट्रीज ने 100 फीसदी मतदान का संकल्प लिया है। चेंबर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में भिलाई के सभी प्रमुख बाजारों में 100 प्रतिशत मतदान का संकप्ल दिलाया जा रहा है।**




इस कड़ी में आज शीतला काम्लेक्स, नंदनी रोड़ एवं जलेबी चौक पर चेम्बर की टीम ने सभी व्यापारियों के साथ बैठकर यह निर्णय लिया कि आगामी चुनाव में व्यापारी पहले मतदान करेंगे और उसके बाद दुकान खोलेगें।

अजय भसीन का संकल्प है कि उनकी मुहीम से व्यापारी वर्ग में एक नया उत्साह निर्मित हुआ मतदान के दिन एक-एक व्यापारी अपने सारे कार्यक्रम छोड़कर पहले मतदान करेगा फिर बाद में कार्य करेगा। यही नहीं व्यापारी अपने स्टाफको मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

चेम्बर की इस मुहिम से इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। अजय भसीन के इस प्रयास में शासन-प्रशासन भी तारीफ कर रहे है। आज के इस संकल्प अभियान में प्रमुख रूप में अजय भसीन, मनोहर कृष्णानी, सुनील मिश्रा, शंकर सचदेव, राजकुमार जायसवाल, अब्बास, मनीष अग्रवाल, सुधाकर शुक्ला, अजय निदान, राम ओबराय, शिवराज शर्मा, प्रेम रतन गहलोत, चिन्ना राव आदि उपस्थित रहे।

## खास - खबर

### विधानसभा निर्वाचन-2023: 8 नामांकन जमा हुए

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत दुर्ग जिला में आज 25 अक्टूबर को 08 अभ्यर्थी क्रमशः हेमन्त कोसरिया हमर राज पार्टी, छोटेलाल चौधरी निर्दलीय, बिमला ठाकुर निर्दलीय, आत्माराम साहू निर्दलीय, रामरतन साहू निर्दलीय, शत्रुहन प्रसाद निर्दलीय, राजन खुटेल कांग्रेस एवं शैलेन्द्र कुमार बंजारे शक्तिसेना (भारतदेश) ने अपना नामांकन दाखिल किये। इसी तरह नामांकन पत्र खरीदने वाले अभ्यर्थी ओनी कुमार महिलांग कांग्रेस, इन्दर लाल लहरे बहुजन समाज पार्टी, ऋषि कुमार जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़, सच्चिदानंद कौशिक निर्दलीय, भगवान सिंह रावटे हमर राज पार्टी, संतोष कुमार निर्दलीय, अजय चन्द्राकर आम आदमी पार्टी, आर. शनमुगावेल नायडू भ्रष्टाचार मुक्ति मोर्चा, महेन्द्र कुमार निर्दलीय, भूषण लाल नागिया बहुजन समाज पार्टी, हरेन्द्र प्रसाद शाह भारती शक्ति चेतना पार्टी, जी अशोक कुमर निर्दलीय, जीवनलाल बंजारे निर्दलीय, राजेश मिश्रा आजाद जनता पार्टी, अजहर अली निर्दलीय, श्रीमती अजरा खान समाजवादी पार्टी, सुनील कुमार बंजारे निर्दलीय, पंकज कुमार चतुर्वेदी जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, श्रीमती लक्ष्मी साहू निर्दलीय, नारायण प्रसाद यादव निर्दलीय, काशीराम कुर्रे निर्दलीय, पारसमणी आजाद जनता पार्टी, लक्ष्मी साहू निर्दलीय, द्वारिका प्रसाद बारले निर्दलीय व ढालेश साहू छत्तीसढ़ जनता कांग्रेस शामिल है।

### पोस्टल बैलेट ईडीसी तैयार करने के अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 67-अहिवारा के मतदाता सूची की चिन्हित प्रति (पोस्टल बैलेट ईडीसी) तैयार करने के अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस कार्य के लिए नायब तहसीलदार भिलाई-03 श्री रवि विश्वकर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार चिन्हित मतदाता सूची तैयार करने हेतु आबंटित मतदान केन्द्र क्रमांक 01 से 60 तक के लिए प्रभारी अधिकारी राजस्व निरीक्षक बोरी देवेन्द्र पाठक 9893279266 को नियुक्त किया गया है। सहयोगी मतदान 01से 15 के लिए पटवारी अहिवारा पवन कुमार साहू, मतदान केन्द्र 16 से 30 के लिए पटवारी प्रवीण श्रीवास्तव , मतदान केन्द्र क्रमांक 31 से 45 के लिए पटवारी धमधा कृष्णा पटेल, क्रमांक 46 से 60 के लिए पटवारी जयसिंह राजपूत को नियुक्त किया गया है।

### कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 से नामांकन प्रक्रिया के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट मेन गेट पर संयुक्त कलेक्टर एवं आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली आशीष देवांगन और तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बोरी ममता टावरी की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार कलेक्ट्रेट बिल्डिंग गेट (फोर्च के नीचे) संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई नगर/छावनी दीपक निकुंज और अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर गुरूदत्त पंचभाये की ड्यूटी लगाई गई है।

# कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने ली नोडल अधिकारियों की दूसरी समीक्षा बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की।

उन्होंने सामग्री प्रबंधन, कम्प्यूटराइजेशन, स्वीप कानून व्यवस्था, व्यय निगरानी, प्राप्त नामांकन फार्म, चिकित्सा सुविधा, निर्वाचन व्यय, एमसीएमसी, कम्युनिकेशन प्लान, आबकारी, एसजीएसटी, ईईएम में लगे सभी नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में पूरा करने को कहा। निर्वाचन के कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में परिसर में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के तहत टीम से विभिन्न टीवी चैनलों सहित स्थानीय केबल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों एवं राजनीतिक विज्ञापनों तथा पेड न्यूज के संबंध जानकारी ली।

इसके अलावा उन्होंने प्रिंट मीडिया के तहत स्थानीय अखबारों में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन सहित अन्य पेड न्यूज सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए यह जरूरी है कि सभी टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करें।

आयकर विभाग एवं आबकारी विभाग से इसके संबंध में डेली रिपोर्ट मिलते रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का एवं अपर कलेक्टर एवं नगर निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# डेंगू की रोकथाम हेतु अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 25 अक्टूबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के प्रकरण निरंक है। वर्तमान में 03 मरीज भर्ती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्र में लायों नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथान हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 156515 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है. जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-189095 जिनमें से 78384 खाली कराये गये सभी कंटेनरों में 312199 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। 155083 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। स्वास्थ्य अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है। कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना उगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा।

# गोडाउन या वेयरहाउस में अवैध भण्डारण की जांच हेतु अधिकारी नियुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत दुर्ग जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता को बनाये रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान गोडाउन या वेयरहाउस में अवैध भंडारण, अनियमितता की जांच किये जाने हेतु राजस्व एवं जिला राज्य कर के अधिकारियों के साथ संयुक्त दल का गठन किया है।**

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार गोडाउन एवं वेयरहाउस अजंता मार्बल (खंडेलवाल) धमधा रोड इंडस्ट्रियल इस्टेट दुर्ग हेतु इक्सक्यूटीव मजिस्ट्रेट ढाल सिंग बिसेन, जीएसटी आफिसर एसटीओ अभिषेक गुप्ता, माहेश्वरी स्टील गंजपारा चौक दुर्ग इक्सक्यूटीव मजिस्ट्रेट ढाल सिंग बिसेन, जीएसटी आफिसर एसटीआई आशिष साहू, बाम्बे गूडस चिखली धमधा रोड दुर्ग के लिए इक्सक्यूटीव मजिस्ट्रेट कुंदन लाल शर्मा, जीएसटी आफिसर एसटीओ नेहा अग्रवाल, गोल्डन फूट चिखली धमधा रोड दुर्ग के लिए इक्सक्यूटीव मजिस्ट्रेट श्री कुंदन लाल शर्मा, एसटीआई समिक्षा साहू, वीआरएल ट्रांसपोर्ट महामरा रोड बिहाईंड आईसीआईसीआई एटीएम के लिए इक्सक्यूटीव मजिस्ट्रेट किशोर कुमार वर्मा एसटीओ सुरेन्द्र देशमुख, न्यू विजय रोडलाइन महामरा रोड दुर्ग के लिए इक्सक्यूटीव मजिस्ट्रेट किशोर कुमार वर्मा जीएसटी आफिसर एसटीआई रितु त्रिपाठी, एसोसिएट ट्रांसपोर्ट महामरा रोड दुर्ग के लिए इक्सक्यूटीव मजिस्ट्रेट अविनाश चौहान जीएसटी आफिसर एसटीओ पूनम सुरेखा गोपाल, गोल्डन ट्रांसपोर्ट तकियापारा दुर्ग के लिए इक्सक्यूटीव मजिस्ट्रेट अविनाश चौहान जीएसटी आफिसर एसटीओ पूरब ठाकुर, नागपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट महामरा रोड के लिए इक्सक्यूटीव मजिस्ट्रेटश्री चन्द्रशेखर चन्द्राकर जीएसटी आफिसर एसटीओ सुनिति पैकरा, विजय रोडलाइन बेसिड सोधी इंजीनियरिंग हाउसिंगबोर्ड कालोनी इंडस्ट्रियल भिलाई के लिए इक्सक्यूटीव मजिस्ट्रेट चन्द्रशेखर चन्द्राकर जीएसटी आफिसर एसटीआई खोमेन्द्र,पावर हाउस नियय अशिष इंटरनेशनल भिलाई के लिए इक्सक्यूटीव मजिस्ट्रेट कुमारी ज्योत्सना कलिहारी जीएसटी आफिसर एसटीओ गणेश राम माहेश्वरी को नियुक्त किया गया है।

# मतदान केन्द्रों में सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को सौपे दायित्व

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा मतदान केन्द्रों का सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) उपलब्ध कराने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गये हैं। प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने अधिकारियों को दायित्व सौपे गए है। उप संचालक, समाज कल्याण विभाग को वृद्धजन एवं नि:शक्त मतदाताओं हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अच्छी हालत की पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं मतदान केन्द्रों पर दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ब्रेल लिपि में डमी मतपत्र मुद्रित कराकर रखने एवं मांगे जाने पर संबंधित मतदाता को उपलब्ध कराने, दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ईवीएम मशीन पर ब्रेल लिपि में मुद्रित प्रत्याशियों का नाम मुद्रित कराने एवं कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु जिले में एक जिला विकलांग कार्डिनेटर की नियुक्ति कर उन्हें इसकी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी जाएगी। दुर्ग/भिलाई/रिसाली/ चरोदा-भिलाई, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत दुर्ग/धमधा/पाटन, आयुक्त, नगर पालिक निगम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जामुल/अहिवारा / कुम्हारी तथा मुख्य नगर पंचायत अधिकारी उतई/ धमधा/ पाटन को दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत प्रत्येक मतदान केन्द्र भूतल पर और मतदान केन्द्र भवन तक पहुंचने के लिए सड़क की सुविधा उपलब्ध कराये।

आयुक्त, नगर पालिक निगम दुर्ग/भिलाई/रिसाली/चरोदा मिलाई, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग/धमधा/पाटन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जामुल/अहिवारा/कुम्हारी मुख्य नगर पंचायत अधिकारी, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी उतई/धमधा/पाटन, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दुर्ग, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दुर्ग, कार्य कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी दुर्ग, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग दुर्ग को न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) जैसे पीने का पानी, प्रतिक्षा शेड, पानी की सुविधा के साथ दिव्यांग मतदाताओं के अनुकुल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढाल का स्थाई रैम्प और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित कराने। प्राचार्य, शासकीय महा. (सर्व), जिला शिक्षा अधिकारी को मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग हेतु एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों की नियुक्ति। सर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पचांयत, आयुक्त नगर पालिक निगम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी को मतदान केन्द्र पर मतदान हेतु पधारने वाले दिव्यांग एवं 80 प्लस आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को कतार से मुक्ति देते हुए मतदान हेतु वरियता प्रदान किया जाए।

सर्व मास्टर टेऊनर्स, विधानसभा निर्वाचन-2023 को मतदान कक्ष में दिव्यांग मतदाताओं की विशेष जरूरतों के संबंध में मतदान कर्मियों को संवेदनशील बनाने हेतु उन्हें प्रशिक्षण दिया जाए। इसी तरह उप संचालक जनसपंर्क विभाग को भारत निर्वाचन आयोग के दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा हेतु प्रसारित सक्षम एप का प्रचार-प्रसार करने।

# बीएसपी के वायर रॉड मिल में नया उत्पाद टीएमटी एफई 550डी किया गया विकसित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने बाजार में ग्राहकों की मांग को देखते हुए वायर रॉड मिल विभाग में नया उत्पाद टीएमटी एफई-550डी विकसित किया है। यह उत्पाद मुंबई की तटीय परियोजना में उपयोगी साबित होगा। सेल-बीएसपी की टीम ने हाल ही में सितंबर, 2023 में मुंबई के ग्राहक परिसर की का दौरा किया, इस दौरान ग्राहकों द्वारा यह इच्छा व्यक्त की गई कि यदि संभव हो तो वायर रॉड मिल को टीएमटी एफई 550डी वायर रॉड का उत्पादन करना चाहिए।**



ग्राहकों की इस आवश्यकता को देखते हुए, भिलाई इस्पात संयंत्र में, 18 अक्टूबर 2023 को सी-स्ट्रैंड में पुराने वायर रॉड मिल से पहली बार टीएमटी-8 मि.मी. एफई-550डी (ज्डज्-8उउ, थ्म-550क) का एक नया उत्पाद विकसित किया गया। इसके लिए, एसएमएस-3 में कार्बन और मैंगनीज के उन्नत रसायन के साथ आवश्यक तापमान प्रदान किया गया। इस सामग्री के साथ डाले गए इनपुट बिलेट्स टीएमटी बार को मौजूदा टीएमटी जल मापदंडों के साथ आवश्यक क्षमता और इष्टतम लचीलापन प्राप्त करने में सहायक होते हैं।

रोलिंग पैरामीटर जैसे भट्ठी का तापमान, लेइंग हेड तापमान, जल-शमन मापदंड और संख्या रोलिंग के दौरान कॉइल्स के सिरों में हॉट टर्न्स की कड़ाई से निगरानी की गई। पहले 3 कॉइल के ऑनलाइन नमूने लिए गए एवं यांत्रिक परीक्षण के लिए भेजा गया। जिसके ऑनलाइन परिणाम आवश्यक मूल्य से कुछ अधिक थे इसलिए शमन मापदंडों में आवश्यक समंजन किये गए। आवश्यक यांत्रिक गुणों के साथ 1477 टन टीएमटी एफई-550डी के उत्पादन हेतु विकसित गुणवत्ता को अगले 2 दिनों के लिए सी-स्ट्रैंड में सफलतापूर्वक रोल किया गया। इस सामग्री का उपयोग ग्राहक द्वारा चल रही मुंबई तटीय सड़क परियोजना में किया जाएगा। यह उत्पाद बेस ग्रेड एफई-500डी की तुलना में अतिरिक्त राजस्व अर्जित करने में भी सहायता करेगा।

इस नए उत्पाद को विकसित करने के कार्य का निष्पादन मुख्य महाप्रबंधक (एमडब्ल्यूआरएम) एम.के. गोयल के कुशल नेतृत्व में महाप्रबंधक (ओपीआर) एन.के. खरे और उनकी वायर रॉड मिल की टीम द्वारा कार्यान्वित किया गया। इस टीम में महाप्रबंधक ((मैकनिकल) एम. हुसैन, महाप्रबंधक (ई, सी एंड एस) अनुपमा कुमारी, प्रबंधक (आरसीएल) एस. पाणिग्रही और सहायक प्रबंधक (आरसीएल) जी सुरेश का इस नए उत्पाद के विकास में सक्रिय रूप से योगदान रहा।

# आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, होटल एवं ढाबों तथा मुख्य मार्गो पर की जा रही जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** जिला स्तर पर अवैध मदिरा धारण, विक्रय एवं परिवहन तथा मदिरा के चौर्यनयन पर रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही किये जा रहें है। इस अभियान में जिले में स्थित होटलों, ढाबों, रेस्तरॉं, बस स्टैण्ड एवं रेलवे स्टेशन के साथ - साथ पारम्परिक व संदिग्ध मार्गो का लगातार गश्त कर अवैध मदिरा के विक्रय/धारण/ परिवहन पर रोकथाम लगाया जा रहा है।

सहायक आयुक्त आबकारी ने जानकारी दी कि जिले में विभिन्न होटल, ढाबों, बस स्टैण्ड एवं संवेदनशील मार्गो की जांच - पड़ताल आबकारी विभाग द्वारा 22 अक्टूबर 2023 को भिलाई से रायपुर मार्ग में आने वाली ढाबों का कड़ाई से निरीक्षण किया। नया बस स्टैंड दुर्ग में भी बसों और यात्रियों के सामान की तलाशी मुस्तैदी से की गई बस चालक एवं परिचालक को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध व्यक्ति एवं गतिविधि की तत्काल सूचना कंट्रोल रूम के नंबर 0788-2325836 पर करें। उक्त के अतिरिक्त पारम्परिक, मुख्य व संवेदनशील मार्गो का भी जांच कार्यवाही किया गया। र ेल वे स्टेशन दुर्ग में यात्रियों की जाँच तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान पटरी पार में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब विक्रय करते पाये जाने पर 26 पाव मसाला मदिरा जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) ख के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जिले में अवैध मदिरा के पारम्परिक, संवेदनशील व मुख्य मार्गो पर गश्त के दौरान 23 नग विदेशी मदिरा गोवा जप्त 23 अक्टूबर 2023 को अवैध मदिरा परिवहन, धारण व विक्रय के पारम्परिक व संदिग्ध मार्गो तथा दुर्ग-राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की सघन जांच एवं रात्रि गश्त किया गया। रात्रि गश्त के दौरान एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब विक्रय करते पाये जाने पर 23 विदेशी मदिरा व्हिस्की गोवा जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) ख के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस. एन. साहू द्वारा विवेचना में लिया गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950